RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-254 जयपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये


## आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू करने की तैयारी

### पिछले साल 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू करने की तैयारी है। मौसम अनुकूल रहा तो प्रशासन अप्रैल के आखिरी सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी कर सकता है। पिछले साल यहां 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में इस बार और बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की उम्मीद है।

आदि कैलाश पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र की व्यास घाटी में स्थित है। नवंबर से मार्च तक यहां भारी बर्फबारी के कारण आवागमन बंद रहता है। सुरक्षा कारणों के चलते व्यास घाटी में छियालेख से आगे जाने के लिए इनर लाइन परमिट अनिवार्य होता है, जिसे तहसील प्रशासन जारी करता है।

## ओमान के सलालाह पोर्ट में तेल स्टोरेज पर ड्रोन अटैक



**तेल अवीव/तेहरान।** ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के पोर्ट पर तेल स्टोरेज टैंकों पर ड्रोन हमला हुआ है।ओमानी सरकारी मीडिया के मुताबिक ड्रोन हमले के बाद पोर्ट के फ्यूल स्टोरेज टैंकों में आग लग गई, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले के पीछे किसका हाथ है, यह अभी साफ नहीं है। समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि इस घटना में पोर्ट पर मौजूद किसी व्यापारी जहाज को नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल-सईद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और ओमानी क्षेत्र पर हो रहे हमलों पर नाराजगी जताई।

**रसोई गैस संकट:** देशभर में लंबी कतारें, सरकार ने किया राहत का ऐलान

# घबराएं नहीं, बुकिंग के ढाई दिन के अंदर घर पहुंच जाएगा सिलेंडर

### एलपीजी के प्रोडक्शन में 25 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। इसके मद्देनजर, भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है।

केन्द्र सरकार का कहना है कि देश में कच्चे तेल का आयात बाधित नहीं है और विविध स्रोतों से आवश्यकता के अनुरुप आयात सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, घरेलू गैस की सप्लाई कुछ हद तक बाधित होने के कारण सरकार प्राथमिकता के आधार पर सप्लाई सुनिश्चित कर रही है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बुकिंग के ढाई दिन के अंदर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।



कालाबाजारी रोकने के लिए क्यूआर कोड के जरिए बुकिंग की व्यवस्था की गई है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात के बीच ईरान के करीब जलमार्ग होरमुज़ जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित है। इस कारण इस मार्ग से विभिन्न देशों को होने वाला आयात प्रभावित है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। सरकार ने स्थिति स्पष्ट करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में विभिन्न मंत्रालयों की ओर से संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया एलपीजी बुकिंग को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। देश की वर्तमान में प्राकृतिक गैस की दैनिक खपत लगभग 189 मिलियन मीट्रिक मानक घनमीटर प्रतिदिन है। इसमें लगभग 97.5 मिलियन मीट्रिक मानक घनमीटर प्रतिदिन का उत्पादन घरेलू स्तर पर होता है व शेष आयात किया जाता है। आयात से लगभग 47.4 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर की आपूर्ति अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति प्रभावित होने के कारण सरकार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को गैस उपलब्ध करा रही है। फिलहाल, एलपीजी की आपूर्ति घरेलू क्षेत्र के लिए की जा रही है। गैर-घरेलू एलपीजी आपूर्ति में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। घरों, पीएनजी व वाहनों के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाएगी। वहीं, उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए लागत में हुई वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा सरकार वहन करेगी। एलपीजी बुकिंग के बीच न्यूनतम अंतराल को 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष के बीच सरकार भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। सरकार कंट्रोल रुम संचालित कर रही है। पीएम क्षेत्र की सरकारों के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। अब तक संघर्ष में दो भारतीयों की मौत हुई और एक लापता है। आज ही दुबई में हमले के कारण एक भारतीय घायल हुआ है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने बताया गृह सचिव ने आज ही देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों व अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्हें कालबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए कहा है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा फारस के खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 28 जहाज कार्यरत हैं। इनमें से 24 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में स्थित हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

### 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।

फैसले पर पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

**हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर**

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया।

इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है।


**स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज**

# गृहमंत्री शाह बोले- सदन कोई मेला नहीं, नियमों के अनुसार चलना पड़ेगा

### लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संसदीय परंपराओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का उन्हें पद से हटाए जाने का प्रस्ताव बुधवार को ध्वनि मत से खारिज कर दिया। गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष के हंगामे के बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ। प्रस्ताव कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद जावेद ने पेश किया था। इस दौरान अध्यक्षीय चेयर पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल मौजूद थे। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ





प्रस्ताव खारिज होने के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य के दौरान ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। इसी बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ और ध्वनि मत से प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रस्ताव अध्यक्ष के खिलाफ लाया था लेकिन कई सदस्यों ने अपने वक्तव्य में उनसे हटकर सरकार की आलोचना की है। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के प्रस्ताव की निंदा की और कहा कि भाजपा विपक्ष में रहने पर कभी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाई। उन्होंने कहा भले हम अध्यक्ष के मत से असहमत हों लेकिन हमारे लिए वे बाध्यकारी हैं।

उन्होंने कहा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब 4 दशक बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। संसदीय राजनीति के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव लाया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष की नियुक्ति के समय सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने मिलकर उन्हें पद पर बिठाया था।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लोकसभा के इतिहास के अनुसार सदन की कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर चलती है। अध्यक्ष एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, जो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी उद्देश्य से सदन ने नियम बनाए हैं, जिनके आधार पर अध्यक्ष सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। शाह ने कहा यह सदन कोई बाजार नहीं है, बल्कि यहां सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार अपनी बात रखें व चर्चा में भाग लें। उन्होंने कहा कोई भी सदस्य अपने अधिकारों की बात कर सकता है, लेकिन सदन के नियमों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा जब भाजपा विपक्ष में थी, तब भी उसने कभी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के फैसलों से असहमति हो सकती है लेकिन लोकसभा नियमों के अनुसार अध्यक्ष का निर्णय अंतिम माना जाता है और उसकी निष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा जब वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस पद पर चुना गया था, तब सत्तापक्ष व विपक्ष दोनों के नेताओं ने मिलकर उन्हें आसन तक पहुंचाया था। इसका अर्थ है कि दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है कि वे अध्यक्ष को अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र वातावरण दें। पिछले 75 वर्षों में संसद के दोनों सदनों ने देश के लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया व पूरी दुनिया भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की प्रतिष्ठा को स्वीकार करती है। लेकिन जब सदन के प्रमुख पद पर बैठे व्यक्ति की निष्ठा पर सवाल उठाए जाते हैं, तो इसका असर केवल देश में ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पड़ता है। शाह ने कहा कि आमतौर पर लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुत कम लाए जाते हैं। सदस्यों को अपनी बात रखने के लिए अध्यक्ष के कक्ष में जाने और संवाद करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए कि अध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगें क्योंकि इससे संसदीय परंपराओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है।

## राजस्थान में बढ़ सकती हैं 70 विधानसभा सीटें

### स्पीकर बोले- 280 एमएलए के बैठने के लिए सदन में हॉल बनेगा

जयपुर

राजस्थान विधानसभा में 270 सीटें हो सकती हैं। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन में 70 सीटें बढ़ने का दावा किया है। इसके बाद कुल 270 विधानसभा सीट हो जाएंगी।

विधानसभा स्पीकर ने कहा- जनगणना जल्द होने वाली है। विधानसभा में अभी 200 विधायक



बैठते हैं। परिसीमन के बाद 70 नए विधायक भी जुड़ सकते हैं।

देवनानी ने कहा- भविष्य की जरूरत देखते हुए 280 विधायकों के बैठने की क्षमता का हॉल सदन में तैयार करवाया जाएगा। उसका स्ट्रक्चर तैयार है।

विधायकों की संख्या बढ़ेगी, तब बढ़ेगी। लेकिन अभी युवा संसद, छात्र संसद सहित कई कार्यक्रम सदन में होते हैं। सदन में आईपैड लगे हैं। इन कार्यक्रमों में बच्चे आते हैं। बाहर के लोग आते हैं, वे इन्हें खराब कर देते हैं। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में अपनी किताब के विमोचन और 2 साल के अध्यक्ष के कामकाज के कार्यक्रम में देवनानी ने यह बात कही। स्पीकर के इस बयान के बाद परिसीमन से विधानसभा सीटों में होने वाली बढ़ोतरी और फेरबदल को लेकर सियासी चर्चा शुरू हो गई है।

## बच्चों को कुएं में फेंक ट्रेन के आगे कूदी मां

कपासन (चित्तौड़गढ़)

चित्तौड़गढ़ में महिला अपने दो बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद ट्रेन के आगे कूद गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का सिर धड़ से अलग हो गया। गांव के कुएं से देर रात दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कपासन उपजिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

मामला जिले के कपासन थाना क्षेत्र के काछियाखेड़ी गांव का है। कपासन थाने के एएसआई शंकरलाल ने बताया- 7 बजे सूचना मिली थी कि काछियाखेड़ी रेलवे पुलिया के पास एक महिला उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे।घटनास्थल पर महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था। सिर धड़ से अलग हो चुका था।

जिससे महिला की पहचान नहीं हो पा रही थी। शव को कपासन अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। शव के शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए।

## एअर इंडिया फ्लाइट का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला

### नोज गियर टूटा, थाइलैंड में हार्ड लैंडिंग, 133 लोग सवार थे

बैंकॉक

थाईलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी। थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद



करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11:40 था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतर गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने स्थिति को जल्दी काबू में कर लिया। विमान में सात क्रू सदस्य, 131 यात्री और दो बच्चे सवार थे।

## मार्च में लू झुलसा रही, अब आंधी-बारिश की चेतावनी

जयपुर

राजस्थान में मार्च में ही लू चलने लगी है। बुधवार को जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा के इलाकों में इसका असर रहा। यहां अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री दर्ज हुआ।

आगामी दिनों में तेज गर्मी को देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने हीटवेव से बचाव के लिए गाइडलाइन जारी की है। हालांकि, गुरुवार को हीटवेव का असर नहीं रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मार्च को 8 जिलों में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया है। इधर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के इलाकों में बुधवार दोपहर बाद आसमान में हल्के



बादल छाए, जिससे यहां तापमान में मामूली गिरावट हुई।

प्रदेश में आज सबसे ज्यादा 40.8 डिग्री अधिकतम तापमान बाड़मेर में दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री और फलोदी में 39.2 डिग्री दर्ज होने के साथ ही इन इलाकों में दिन में हीटवेव का प्रभाव रहा। बाड़मेर में लगातार 3 दिनों से हीटवेव का असर है।

# पीएम बोले- कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे, उन्हें देश का विकास नहीं दिखेगा

चेन्नई/कोच्चि

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे



दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा।

एनडीए की सभा से पहले PM अखिल केरल धीवर सभा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा- केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह मलयाली लोगों के लिए खुशी का पल है। उनके चेहरे पर खुशी साफ दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोच्चि में रोड शो भी किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित करीब 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान कार की सनरूफ से लोगों का अभिवादन किया। केरलम के पास नेचर, कल्चर, टैलेंट, टेक्नोलॉजी और विशाल सागर का आशीर्वाद है। इसके बावजूद राज्य का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। LDF और UDF की सरकार ने विकास के लिए मेहनत नहीं की। तेज विकास के लिए इस पैटर्न को तोड़ना जरूरी है।

इस बार यहां BJP-NDA सरकार बनाइए। आपने कांग्रेस और लेफ्ट को 70 साल से ज्यादा दिए हैं। अब BJP-NDA को अगले 5 साल सेवा करने का मौका दीजिए। आपको विकसित केरलम की शानदार झलक देखने मिलेगी। ये मोदी की गारंटी है। जो अब तक नहीं बदला, अब बदलेगा।

विकसित केरलम के लिए सबसे बड़ी जरूरत टूरिज्म, टैलेंट और टेक्नोलोजी को नए अवसर देना है। कांग्रेस को केरल के युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस के युवराज को ये भी नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कितन कमाल कर रहे हैं।

**मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव तैयार**

## लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सांसदों ने दस्तखत किए

नई दिल्ली

विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए सांसदों के दस्तखत जुटा लिए हैं। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव गुरुवार या शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में पेश किया जा सकता है।

एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब तक लोकसभा में प्रस्ताव देने के लिए लगभग 120 सांसदों और राज्यसभा में लगभग 60 सांसदों ने इस नोटिस पर दस्तखत किए हैं। सूत्रों के मुताबिक यह नोटिस INDIA गठबंधन के सभी दलों के सांसदों ने मिलकर साइन किया है। यह पहली बार है जब मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए ऐसा नोटिस दिया जा रहा है।

विपक्ष का आरोप है कि CEC कई मौकों पर सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा पहुंचाने में मदद कर रहे हैं, खासकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) नाम की मतदाता सूची की समीक्षा प्रक्रिया को लेकर। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया केंद्र की सरकार को फायदा पहुंचाने के लिए की जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग असली मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा रहा है।

## पंजाब में बीजेपी के नेता अमित गोसाईं अकाली दल में शामिल

लुधियाना (एजेंसी)। मंगलवार को पंजाब की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर हुआ, जब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित गोसाईं ने इस्तीफा दे दिया और कुछ समय बाद अपने समर्थकों के साथ शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए। अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने खुद उन्हें पार्टी में शामिल करवाया और साथ ही लुधियाना सेंट्रल से हलका इंचार्ज भी नियुक्त किया। बता दें कि गोसाईं पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सतपाल गोसाईं के पोते हैं। बादल ने अमित गोसाईं का शिरोमणि अकाली दल के परिवार में स्वागत कर कहा कि अमित अपने दादा सतपाल गोसाईं के काम में उनका साथ देते रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्पोक्सपर्सन पद से भी इस्तीफा दे दिया है। सुखबीर ने भरोसा जताया कि अमित गोसाईं के आने से शिरोमणि अकाली दल और मजबूत होगा। अकाली दल प्रमुख बादल ने गोसाईं को लुधियाना सेंट्रल से हलका इंचार्ज बनाया और कहा कि अकाली दल में उनके साथ शामिल हुए है उनका भी पूरा सम्मान और अहम जिम्मेदारियां दी जाएगी। इसके पहले सतपाल गोसाईं ने सोशल मीडिया पर कहा था कि वह आज दुखी मन से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक मेंबरशिप से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा था कि उनसे पार्टी की दुर्दशा देखी नहीं जा रही है, इसलिए वह इस्तीफा दे रहे हैं।

## गुमला में हाथी के कहर से मासूम की मौत

गुमला (एजेंसी)। झारखंड के गुमला जिला के पतराटोली गांव में देर रात जंगली हाथी के अचानक घर में प्रवेश से एक चार माह की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना चंदन उरांव के घर में हुई। बताया गया है कि हाथी ने घर के पास दीवार को जोरदार धक्का दिया, जिससे कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। तब घर में चंदन की पत्नी सुषमा उरांव अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी। दीवार गिरने की आवाज सुनकर सुषमा ने अपने पांच वर्षीय बेटे को लेकर भागने में सफल रहीं, लेकिन हड़बड़ी में चार माह की बेटी अमिता कुमारी मलबे में दब गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुषमा को भी चोटें आईं, जिन्हें ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार दिया। मां अपने बच्चे को खोने के सदमे में बार-बार बेहोश हो रही थीं, और गांव की महिलाएं उन्हें ढांढस बंधाती रहीं। घटना की सूचना मिलने पर करंज थाना पुलिस और बसिया वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। ग्रामीणों में जंगली हाथी के प्रवेश से भय और दहशत का माहौल है; लोग रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। प्रभावित परिवार ने वन विभाग से हाथी को खदेड़ने और मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासन से भी परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। इस दुखद घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है और यह जंगली हाथियों और मानव बस्तियों के बीच लगातार बढ़ते संघर्ष की चिंता को उजागर करती है।

## नॉर्थ ईस्ट के लोगों के साथ मारपीट, सीएम संगना ने दिल्ली पुलिस सुरक्षा पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में एक बार फिर नॉर्थ ईस्ट के लोगों के मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। 8 मार्च को साकेत नगर के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास मणिपुर की रहने वाली युवती और उसके दोस्तों से मारपीट की घटना हुई। पुलिस के मुताबिक सभी पीड़ित पार्क में टहल रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन पर कमेंट किए। युवती और उसके दोस्तों ने इसका विरोध किया। इस पर उन लोगों ने युवती और उसके साथियों पर हमला कर दिया। हमले में युवती घायल हो गई। इस घटना से नाराज मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा ने एक्स पर पोस्ट के जरिए दिल्ली पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीएम संगना की पोस्ट पर दिल्ली पुलिस ने घटना की निंदा करते हुए लिखा- आरोपियों की पहचान की जा रही है, उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमों को तैनात की हैं। मेघालय सीएम संगना ने लिखा कि यह नस्लीय तौर पर डराने-धमकाने वाली घटना है। मुझे मेनलैंड इंडिया में नॉर्थ ईस्ट के लोगों पर बार-बार हो रहे हमलों से नाराजगी है। इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## अरुणाचल के जंगलों में लगी भीषण आग पर काबू पाने वायुसेना ने संभाला मोर्चा

**-शक्तिशाली हेलिकॉप्टर एमआई-17 वी5 से 66,000 लीटर पानी बरसाया**

ईटानगर (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट स्थित मेबो और सिगर के जंगलों में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए अब भारतीय वायुसेना ने मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार को वायुसेना ने एक अभियान चलाते हुए अपने शक्तिशाली हेलिकॉप्टर को तैनात किया, जिसने कई उड़ानों के जरिए रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ती आग की लपटों पर काबू पाया। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट के मेबो और सिगार इलाकों में जंगल में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए एक तेज़ और दमदार फायरफाइटिंग मिशन शुरू किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आग पर काबू पाने के लिए एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है, जिसने आस-पास की बस्तियों को बचाने के लिए कई सॉर्टीज़ में 66,000 लीटर पानी छोड़ा। एक्स पर पोस्ट में आईएएफ ने आग और हवाई फायरफाइटिंग मिशन की शानदार तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। पोस्ट में लिखा- अरुणाचल प्रदेश में तेज़ रिस्पॉन्स और ऑपरेशनल सटीकता दिखाई, पासीघाट के मेबो और सिगार इलाकों में जंगल की बड़ी आग पर काबू पाने के लिए एक एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया है। यह पहली बार नहीं है जब आईएएफ ने इस साल इस इलाके में जंगल की बड़ी आग में दखल दिया है। 18 फरवरी को आईएएफ के हेलिकॉप्टरों ने नॉर्थ-ईस्ट के मुश्किल इलाकों में लगी दो बड़ी जंगल की आग पर काबू पाया था। अरुणाचल प्रदेश के वालोंग में, फोर्स ने हेवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल करके 139,800 लीटर पानी गिराया, जिससे एक बड़ी आग पर काबू पाया जा सका। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी आग बुझाने की ड्यूटी के साथ-साथ आईएएफ इंडियन आर्मी के साथ कोऑर्डिनेशन को मजबूत करना जारी रखे हुए है। 8 मार्च को दोनों फोर्स ने उत्तराखंड में टिहरी झील के ऊपर एक जॉइंट एक्सरसाइज की। इस ड्रिल में कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप्स शामिल थे। एक और पोस्ट में आईएएफ ने कहा कि 8 मार्च को एयरक्राफ्ट ने इंडियन आर्मी के साथ एक जॉइंट एक्सरसाइज में टिहरी झील के ऊपर कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप्स किए। इस एक्सरसाइज ने आसान इंटर-सर्विस सिनर्जी और ऑपरेशनल कैपेबिलिटी दिखाई।

# सुप्रीम कोर्ट की सख्त नसीहत: केवल मीडिया पब्लिसिटी के लिए जनहित याचिकाएं दायर न करें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निकाय संबंधी कथित लापरवाही के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए निर्देश जारी करने की मांग वाली एक याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। याचिका को खारिज करते हुए न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया और युवा अधिवक्ताओं को केवल मीडिया और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने के उद्देश्य से जनहित याचिकाएं दायर करने के प्रति आगाह किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक युवा वकील को सलाह देते हुए कहा कि वकालत के शुरुआती वर्षों में उन्हें कानूनी बारीकियों को समझने, अदालती कार्यवाही को करीब से देखने और मसौदा (ड्राफ्टिंग) तैयार करने के कौशल सीखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग इस पेशे में गंभीरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें राष्ट्रीय मीडिया या सोशल मीडिया पर छाने की होड़ से दूर रहना चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि दफ्तरों में काम करने और कानून सीखने के बजाय निराधार याचिकाएं तैयार करना पेशेवर भविष्य के लिए ठीक नहीं है। पीठ ने याचिका को अस्पष्ट और व्यापक दावों से भरी हुई करार देते हुए कहा कि इसमें ऐसे निर्देश मांगे गए हैं जिनका व्यावहारिक रूप से पालन करना अत्यंत कठिन है, इसलिए इस पर विचार करने का कोई ठोस कारण नहीं दिखता। सुनवाई के दौरान जब सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के रखरखाव में विफलता से होने वाली मौतों का मुद्दा उठा, तो पीठ ने याचिकाकर्ता की वकील से पूछा कि उन्होंने इस विशिष्ट मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफशिकायत दर्ज कराने के बजाय सीधे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा क्यों खटखटाया। इस पर वकील ने तर्क दिया कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। वकील के वकालत के अनुभव (चार वर्ष) की जानकारी मिलने पर प्रधान न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि युवा वकीलों को वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समय बिताना चाहिए, न कि केवल प्रचार पाने के लिए अदालत का समय नष्ट करना चाहिए। इसी कड़ी में, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक ही वकील द्वारा दायर पांच अन्य याचिकाओं को भी निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में अजीबोगरीब मांगें की गई थीं, जिनमें से एक में यह वैज्ञानिक अध्ययन कराने का आग्रह था कि क्या प्याज और लहसुन में तामसिक या नकारात्मक ऊर्जा होती है। अन्य याचिकाओं में शराब और तंबाकू उत्पादों की सामग्री पर नियंत्रण, संपत्तियों का अनिवार्य पंजीकरण और शास्त्रीय भाषाओं की घोषणा के लिए दिशा-निर्देशों की मांग की गई थी। न्यायालय ने इन सभी याचिकाओं को कानूनी आधार पर शून्य माना और स्पष्ट किया कि जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग न्यायपालिका की गंभीरता को कम करता है।

## हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में केंद्र से मांगा रिकॉर्ड, अगली सुनवाई 19 को

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद के मामले में केंद्र सरकार से संबंधित केस फाइल तलब की है। यह याचिका निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज कराने से इनकार किए जाने के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई है। याचिका पर करीब डेढ़ घंटे तक विस्तृत बहस हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय का पक्ष रखने के लिए केंद्रीय स्थायी अधिवक्ता राज कुमार सिंह को भी तलब किया और मामले से जुड़ी मामले से जुड़ी ताजा कार्रवाई की जानकारी मांगी। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी है। उस आदेश में अदालत ने राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग ठुकरा दी थी। विशेष अदालत ने कहा था कि नागरिकता के सवाल पर निर्णय लेना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है। याची ने राहुल पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत आरोप लगाए हैं। यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में दायर की गई थी। बाद में शिकायतकर्ता की अर्जी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 17 दिसंबर 2025 को मामला रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। लखनऊ की विशेष अदालत ने 28 जनवरी को याचिका खारिज कर दी। इसके बाद याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## अपने पूरे परिवार के साथ पीएम मोदी से मिली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे

**-प्रधानमंत्री मोदी और पोते विनायक के बीच मुलाकात रही खास**

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनका परिवार नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचा। इस दौरान वसुंधरा राजे के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। यह मुलाकात शिष्टाचार की रूप में देखी जा रही है, लेकिन मरुधार के राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चाएँ शुरू हो गई हैं।




मुलाकात के दौरान विशेष ध्यान विनायक प्रताप सिंह पर गया, जो अपनी दादी की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की संभावनाओं के कारण चर्चा में हैं। विनायक ने 2023 में पहली बार मतदान किया था और कुछ चुनावी कार्यक्रमों में भी दिखाई दिए थे। उनकी फिटनेस के प्रति सजगता और यूट्यूब चैनल पर फिटनेस वीडियो साझा करने के कारण युवा वर्ग में उनकी लोकप्रियता है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी और विनायक के बीच मुलाकात में खास बातचीत देखी गई, जिससे यह अटकलें लग रही हैं कि विनायक राजनीति में जल्द ही कदम रख सकते हैं। वर्तमान में वह दिल्ली से कानून की पढ़ाई कर रहे हैं और जिमिंग व ओपन एक्सरसाइज पर विशेष ध्यान देते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि विनायक की पृष्ठभूमि और युवा छवि उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में एक मजबूत उपस्थिति बनाने में मदद कर सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यह मुलाकात वसुंधरा राजे और उनके परिवार के भविष्य की रणनीतियों का हिस्सा हो सकती है। फिटनेस और कानून की पढ़ाई के साथ विनायक अपनी दादी की विरासत को आधुनिक अंदाज में आगे बढ़ा सकते हैं। मुलाकात के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिससे जनता और समर्थकों में उत्सुकता बढ़ी है। इस तरह, यह मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं का संकेत भी मानी जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री रिजिजू का बचाव कर शाह ने गोगाई को सुना दिया... इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू होते ही, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर निशाना साधकर कहा कि उन्हें उस केंद्रीय मंत्री के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने विपक्ष को सबसे ज्यादा बार बाधित किया। यह गोगोई के संबोधन के दौरान रिजिजू के उस बयान के जवाब में था, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षी सांसदों ने असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया और मैं इसका जबाव दूंगा।



इसके बाद कांग्रेस सांसद ने कहा कि भविष्य में जब संसदीय अभिलेखों और प्रतिलेखों का अध्ययन होगा, तब आंकड़े बताएंगे कि रिजिजू ही वे संसदीय कार्य मंत्री थे जिन्होंने विपक्ष को सबसे ज्यादा बार बाधित किया। इस पर रिजिजू का बचाव कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस तरह की बाधाएँ तभी आवश्यक होती हैं जब कोई संसदीय नियमों का पालन नहीं करता है, और उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का उदाहरण दिया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मैं सहमत हूँ, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू जी ने सबसे ज़्यादा व्यवधान डाला है। लेकिन हम लोगों ने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। जिसका मतलब था कि व्यवधान विपक्ष द्वारा सदन के नियमों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण थे। अपने संबोधन में, गोगोई ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा के लिए लाया गया है, न कि किसी व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए। निचले सदन को संबोधित कर गोगोई ने कहा कि यह प्रस्ताव सदन की गरिमा की रक्षा करने की जिम्मेदारी के रूप में लाया गया है, न कि व्यक्तिगत रूप से ओम बिरला के खिलाफ।

## केंद्र सरकार चला रही 54 मंदिर-तीर्थ कॉरिडोर प्रोजेक्ट, राजस्थान में सर्वाधिक 4

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार देश भर में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 54 मंदिर-तीर्थ कॉरिडोर परियोजनाएँ चला रही है। ये परियोजनाएँ 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हैं। इनमें सर्वाधिक 4 राजस्थान में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इन 54 परियोजनाओं में सबसे अधिक चार परियोजनाएँ राजस्थान में हैं, जो राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के केंद्र के प्रयासों को दर्शाती हैं। यह योजना न केवल तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित है, बल्कि मंदिरों और उनके आसपास के बुनियादी ढांचे को भी सशक्त करने का लक्ष्य रखती है।

केंद्र सरकार के अनुसार, यह पहल देश के सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए अहम कदम है। योजना के अंतर्गत कॉरिडोर के पास यात्रियों के लिए सुविधाएं, मार्गदर्शन और संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस प्रकार, 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इन परियोजनाओं के माध्यम से देशभर में धार्मिक स्थलों की अहमियत और पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# वीएसआर के मालिक को दुर्घटना के तुरंत बाद कैसे पता चला पायलट की गलती थी?

**एनसीपी(एसपी) के विधायक रोहित पवार ने वी के सिंह के बयान पर उठाए सवाल**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और चार अन्य लोगों की विमान दुर्घटना में हुई मौत की जांच अब एक नए विवाद का केंद्र बन गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने इस मामले में विमानन कंपनी वीएसआर वेंचर्स के मालिक वी के सिंह की भूमिका और उनके बयानों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सीआईडी ने हाल ही में वीएसआर वेंचर्स के मालिक से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिंह ने इस दुर्घटना के लिए पायलट को जिम्मेदार बताया। इसी दावे पर रोहित ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

मीडिया रिपोर्ट कके मुताबिक सीआईडी के एक ??अधिकारी ने कोई विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा था कि सीआईडी ने पिछले सप्ताह वी के सिंह से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। सीआईडी ??ने सिंह से पूछताछ के संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित एक लीयरजेट 45 विमान 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।



मीडिया के एक वर्ग ने सीआईडी को दिए सिंह के बयान का जिक्र किया था। रोहित पवार ने मीडिया के एक वर्ग में आए सिंह के इस बयान का हवाला देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ब्लैक बॉक्स में वास्तव में क्या रिकॉर्ड हुआ था, यह अब तक सामने नहीं आया है। अगर ऐसा है, तो वीएसआर कंपनी के मालिक को दुर्घटना के कुछ ही समय बाद कैसे पता चला कि यह पायलट की गलती थी? वह खुद को इससे दूर रखते हुए दोष किसी और पर डालने की कोशिश कर रहे हैं।

रोहित ने बताया कि कभी रिपोर्ट में कहा जाता है कि विमान का 'ब्लैक बॉक्स' जल गया है, जबकि कभी दावा किया जाता है कि डेटा बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां ??इस मामले पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद सीआईडी ने वी के सिंह से हुई पूछताछ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रोहित का मानना है कि इस चुप्पी से जनता के मन में संदेह पैदा हो रहा है। यह मामला अब एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। क्या ब्लैक बॉक्स का सच कभी सामने आएगा या यह फाइलों में ही दफन हो जाएगा?

## एलपीजी संकट पर केजरीवाल का पीएम मोदी पर तंज... अपनी कुछ मजबूरियों के कारण ट्रंप के सामने झुके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश में संभावित एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कुछ मजबूरियों के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुक रहे हैं और इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता पैदा हो गई है, इससे तेल और गैस बाजार प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच केजरीवाल ने दावा किया कि देशभर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी की आपूर्ति रोकी गई है। उनके अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर अन्य सभी कारोबारी प्रतिष्ठानों को फिलहाल एलपीजी गैस नहीं दी जा रही है और गैस केवल घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आशंका जाहिर की कि आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



दरअसल, यह बयान उस समय आया जब पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दे दिया है। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और वैश्विक आपूर्ति में बाधा को देखकर देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए अतिरिक्त एलपीजी उत्पादन को विशेष रूप से घरेलू उपयोग के लिए निर्देशित किया गया है। मंत्रालय ने यह भी घोषणा की कि मौजूदा आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने और जमाखोरी तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों की इंटर-बुकिंग अवधि लागू की गई है। मोदी सरकार ने रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने तथा प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्रोतों को एलपीजी पूल में भेजने का निर्देश दिया है। मोदी सरकार का कहना है कि इन कदमों का उद्देश्य आम नागरिकों को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करना और संकट के समय ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखना है। वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर सवाल उठा रहा है।

# राजस्थान में बढ़ते प्रदूषण से लोगों की घटा रहा उम्र, साल में 20 दिन ही मिल रही शुद्ध हवा

**-रिपोर्ट में खुलासा जहरीली हवा में खतरनाक कण मौजूद, शरीर को पहुंच रहा नुकसान**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। राजस्थान में बढ़ता प्रदूषण प्रदेशवासियों की औसत उम्र घटा रहा है। जयपुर में तो साल में 20 दिन ही शुद्ध हवा लोगों को मिल रही है। जहरीली हवा में मौजूद बारीक कण सिर्फ फेफड़े ही नहीं दिमाग की नसों तक पहुंच रहे हैं। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ रहा है। एक ताजा रिपोर्ट में यह चौंकान वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट बताती है कि जयपुर का हर नागरिक अपनी औसत उम्र के 3 साल 10 महीने और 24 दिन सिर्फ जहरीली हवा के कारण कम कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट ने 25 फरवरी 2026 को 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट-2026' नाम से एक रिपोर्ट जारी की थी। प्रदेश के लिए वर्ष 2021 से 2025 के बीच प्रदूषण स्तर एक्यूआई के आंकड़े जुटाए गए फिर प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों की मात्रा के आधार पर आंकलन किया गया कि ये उम्र पर कितना असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि जहरीली हवा में इतने खतरनाक कण मौजूद हैं, जो सांस से हमारे शरीर में जा रहे हैं। इससे प्रदेश के हर व्यक्ति की उम्र औसतन घट रही है।

प्रदेश की अनुमानित आबादी 8 करोड़ है। सबसे ज्यादा आबादी जयपुर की है। जयपुर में रहने वाले लोग औसत से भी 7 महीने ज्यादा उम्र खो रहे हैं। आंकड़े के मुताबिक 1 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2025 के बीच कुल 1,550 दिनों में से करीब 450 दिन एक्यूआई खराब से बहुत खराब श्रेणी में रहा। इसका मतलब यह है कि जयपुर का हर तीसरा दिन प्रदूषण के उस खतरनाक स्तर पर पहुंचा, जिसके संपर्क में लंबे समय तक रहने पर सांस और हार्ट संबंधी रोग हो सकते हैं। इसके विपरीत पूरे साढ़े चार साल में केवल 81 दिन ही ऐसे थे, जब लोगों को अच्छी हवा मिली यानी जयपुर वालों को साल में औसत रूप से 20 दिन भी पूरी तरह शुद्ध हवा नसीब नहीं हुई।

रिपोर्ट से पता चलता है कि जहरीली हवा आपके शरीर के हर हिस्से को छलनी कर रही है। हवा में मौजूद बारीक कण खून के जरिए दिमाग तक पहुंच रहे हैं। इससे ब्रेन फॉग, चिड़चिड़ापन और नींद की कमी हो रही है। लंबे समय में यह अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी बीमारियों का रिस्क बढ़ा रही है। प्रदूषित हवा के कारण बच्चों में एनीमिया यानी खून की कमी और जन्म के समय कम वजन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। यह हवा किडनी की कार्य क्षमता को बिगाड़ रही है और डायबिटीज का खतरा बढ़ा रही हैं।

जयपुर के अस्थमा रोग विशेषज्ञ बताते हैं- वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा की समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके कारण सांस लेने में दिक्कत, ब्रेन फॉग, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या से जूझ रहे मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषित हवा का असर बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा हो रहा है। बच्चों में एनीमिया, फेफड़ों का कमजोर विकास और कम वजन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जबकि वयस्कों में किडनी से जुड़ी परेशानी, डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा भी बढ़ता देखा जा रहा है।



डॉक्टर के मुताबिक जिन क्षेत्रों में प्रदूषण ज्यादा है, वहां रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करें, पौष्टिक भोजन लेना चाहिए ताकि शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि प्रदूषण का असर इन पर ज्यादा तेजी से होता है।

# शाहपुरा में शीतला अष्टमी की खुशियों के बीच दर्दनाक हादसा, दो की मौत, 3 घायल

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शीतला अष्टमी के पर्व पर जहां पूरा शहर रंग और उल्लास में डूबा हुआ था, वहीं बुधवार को फुलियागेट के बाहर शाहपुरा भीम उनियारा नेशनल हाईवे 148डी पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। ट्रेलर और वैन के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। इस हादसे से शहर में शोक की लहर फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर के समय फुलियागेट के बाहर नेशनल हाईवे 148डी पर एक ट्रेलर और वैन की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को संभालने का प्रयास किया।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक भेरूलाल गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की टीम



ने उनका उपचार शुरू किया। लेकिन गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतकों की पहचान महेंद्र पिता सत्यनारायण कहार निवासी शाहपुरा और विनोद पिता महादेव कहार मुर्शी के रूप में हुई है। दोनों की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे कहार समाज में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसे की सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में एएसआई जगदीश और कांस्टेबल किशन खिंची शामिल थे, जिन्होंने घटनास्थल का जायजा लेकर राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लिया है, जबकि ट्रेलर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।


घटना की खबर मिलते ही कहार समाज के बड़ी संख्या में लोग जिला चिकित्सालय पहुंच गए। समाज के लोगों ने घायलों के उपचार में सहयोग किया और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। अस्पताल परिसर में काफी देर तक लोगों की भीड़ बनी रही।

शीतला अष्टमी के दिन हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। जहां एक ओर लोग पर्व की खुशियां मना रहे थे, वहीं दूसरी ओर अचानक हुई इस दुर्घटना ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश जारी है।

# अपना पाप छुपाने के लिए कुमाता ने की बर्बरता, प्राचीन बावड़ी में मिला नवजात, फैली सनसनी

स्मार्ट हलचल

बनेड़ा। थाना सर्किल के डाबला ग्राम मे स्थित एक प्राचीन बावड़ी मे मंगलवार दोपहर को लोगों ने पानी मे कचरे के बिच एक नवजात शिशु का शव पानी मे तैरता हुआ देखा। इस बात की सुचना लोगों ने पंचायत प्रशासक को दी। साथ बावड़ी मे नवजात शिशु के मिलने की सुचना पर बडी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। साथ प्रशासक ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद शाम को नवजात भ्रुण को बावड़ी से बाहर निकालने के बाद भ्रुण को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया। जिसका बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद नवजात शिशु को श्मशानघाट मे दफनाया गया। थाना सर्किल के डाबला ग्राम मे एक अज्ञात महिला ने अपना पाप छिपाने



की नीयत से एक नवजात शिशु को जन्म देने के बाद नवजात शिशु को एक प्राचीन बावड़ी मे फेक कर के फरार हो गई।

डाबला ग्राम पंचायत के प्रशासक प्रधुम्न सिंह राठौड़ ने बताया कि मंगलवार को उन्हें फोन पर सुचना मिली गाव मे स्थित प्राचीन छतरी बावड़ी मे कचरे के बिच एक नवजात शिशु का शव पानी मे उल्टा पडा हुआ है। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। तथा बावड़ी अंदर देखा तो पानी फैले कचरे के बिच एक नवजात शिशु का शव पानी मे तैर रहा है। जिस पर मामले की थाना पुलिस को दी गई। नवजात शिशु के शव के पानी में तैरते हुए की सुचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। साथ मामले की जानकारी मिलने पर बडी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद नवजात शिशु के शव को 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के मोर्चरी में रखवाया गया। जिसका बुधवार को पुलिस ने पोस्ट मार्टम करवाने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने के बाद अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर के जांच शुरू की है।

इसी वर्ष 25 जनवरी को भी थाना क्षेत्र के कमालपुरा और नानुदिया गांव के बिच सड़क पर एक नवजात शिशु का भ्रुण पडा मिला था। जिसको जगंली जानवरों द्वारा नोच दिया गया था। इस मामले का भी अभी तक खुलासा नहीं हो सका है

# गेणोली में श्रद्धा और रंगों के साथ मनी शीतला सप्तमी

**मंगल गीतों के साथ महिलाओं ने किया माता का पूजन और लगाया भोग; सुबह 9 बजे से दोपहर तक जमकर उड़े रंग-गुलाल**



स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़/गेणोली।** कस्बे सहित गेणोली में बुधवार को शीतला सप्तमी का पावन पर्व अपार श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शीतला माता की कृपा और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। आधी रात के बाद से ही माता के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, जो सुबह तक अनवरत जारी रहा।

**रात भर चला दर्शन और मंगल गीतों का दौर:**

परंपरागत परिधानों में सजी महिलाओं की टोलियां मध्य रात्रि के बाद से ही मंगल गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिर पहुंचने लगीं। महिलाओं ने माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली एवं निरोगी काया की मन्नत मांगी। दर्शन और पूजन का यह सिलसिला पूरी रात से लेकर बुधवार सुबह तक चलता रहा, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

**रंगोत्सव में सराबोर हुआ गेणोली:**

माता के पूजन के बाद बुधवार सुबह से गेणोली में रंगोत्सव की धूम मच गई। सुबह करीब 9 बजे से रंग और गुलाल खेलने का दौर शुरू हुआ, जो दोपहर तक पूरे उल्लास के साथ चलता रहा। युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और बधाइयां देकर आपसी भाईचारे और प्रेम का यह त्योहार मनाया।

# नकबजनी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार एक बाल अपचारी निरुद्ध, फेक्ट्री से चुराया था लाखो का सामान, चोरी का लैपटॉप बरामद

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

करेड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात काखुलासा करते हुए दो आरोपी अर्जुन खटीक व किशन गुर्जर को गिरफ्तार किया है साथ ही आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप बरामद किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले मे चोरी, नकबजनी व लूट की वारदातों के खिलाफ कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान जारी है इसी के तहत एएसपी सहाड़ा बुधराज के निर्देशन मे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश वृताधिकारी आसींद के सुपरविजन मे व थानाधिकारी पूरणमल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी मुबारिक हुसैन रंगरेज पिता अलादीन रंगरेज उम्र 57 साल निवासी करेडा हाल मैनेजर रॉयल ईण्डस्ट्रीज करेडा ने थाना में रिपोर्ट देकर बताया की दिनांक 07.02.2026 को सायंकाल 5 बजे बाद वह फैक्टरी से घर पर आ गया था। उसके बाद न मालूम किस समय किसी ने फेक्टरी के व ऑफिस व कमरे के ताले तोड़कर, कुटिए तोड़कर फेक्टरी में से 5 क्रॉम्पटन की मोटरे 1 ड्रिल मशीन, 1 वेल्डिंग मशीन (केबल होल्डर सहित) 2 तांबा के बुश, 1000 किलो का तौल करने का 1 विद्युत कांटा, 1 बैग क्लोजर मशीन और विभिन्न तरह के पाना पिलार पेचकस, कुछ रूफिंग नेल्स के बॉक्स व अन्य सामान व ऑफिस में से 1 लैपटाप चार्जर सैमसंग का 1 मोबाइल चार्जर, कीबोर्ड, माउस और 40 -50 रुपये की रेजगारी व अन्य सामान सहित लगभग 150000 से दो लाख रुपये तक का सामान चोरी करके ले गए । चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की । पुलिस टीम ने वैज्ञानिक तरीकों के साथ-साथ परम्परागत पुलिसिंग को अपनाते हुए मुखबिर से संपर्क में रह कर उनसे सूचनाएं प्राप्त की व घटना के आस पास के रास्तो पर सी सी टी वी फुटैज चैक किये गये व पूर्व में सम्पति संबंधी अपराधों में चालानशुदा अपराधियों पर सत्त निगरानी रखते हुए उनके मोबाईल नम्बर की सीडीआर प्राप्त की ओर उनका विश्लेषण किया गया। घटना कारित करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार व एक विधि संघर्षरत बालक को निरूद्ध कर माल मशरूका लैपटॉप बरामद किया गया और नाबालिग को बाल सम्प्रेषण गृह में दाखिल करवाया । शेष दो आरोपियों को मामले में गिरफ्तार कर गहनता व मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त मामले में चोरी करना स्वीकार किया व थाना क्षेत्र के एक अन्य प्रकरण टायर चोरी करना व थाना आसीन्द क्षेत्र में पेट्रोल पम्प से मोटरसाईकिल चोरी करना व थाना गंगापुर से पिकअप के टायर चोरी करना स्वीकार किया हैं व आरोपियों से पुछताछ जारी है। गठित टीम में थानाप्रभारी के अतिरिक्त नारायण सिंह सउनि, कांस्टेबल भगवान लाल, मुकेश, राकेश, राकेश ओर जितेन्द्र सिंह शामिल थे ।

**गिरफ्तार आरोपी**

अर्जुन पुत्र प्यार चन्द खटीक उम्र 21 साल निवासी आमदला पुलिस थाना करेडा जिला भीलवाडा और किशन पुत्र प्रभुलाल गुर्जर उम्र 22 साल निवासी रेह पुलिस थाना करेडा को गिरफ्तार किया गया ।

# पीपलूंद में उडा रंग गुलाल अबीर, धूमधाम से मनाया शीतला सप्तमी का पर्व



स्मार्ट हलचल

**पीपलूंद।** भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र मे स्थित पीपलूंद कस्बे में बुधवार को शीतला सप्तमी का पर्व धूमधाम हर्षोल्लास से मनाया गया। शीतला सप्तमी के पूर्व घर-घर में अनेक प्रकार के व्यंजन बनाए गए। अल सुबह महिलाएं सज धज कर शीतला माता की पूजा अर्चना करके ओलिया एवं ठंडे व बास्योड़ा व्यंजनों का भोग लगाकर अपने परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामनाएं की। पीपलूंद के ग्रामीण युवक युवतियां एवं बाल युवा टोलियां व महिलाओं ने फिल्मी व राजस्थानी भक्ति गानों की धुन पर नाचते झूमते हुए नजर आए। शीतला सप्तमी का पावन पर्व धूमधाम हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों सहित युवक-युवतियां महिलाएं एवं युवा बाल टोलियों ने खूब जमकर केसर, अबीर, व रंग गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम सद्भाव का संदेश देते हुए शीतला सप्तमी का पावन पर्व पर होली खेली गई।

# जिलेभर में हर्षोल्लाह और उत्साह से मनाया गया शीतला सप्तमी का पर्व


**ढोल धमाको और हंसी टिटौली के बीच दोपहर बाद निकली जिंदा आदमी की शवयात्रा**





स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

जिलेभर सहित शहर में शीतला अष्टमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। अर्द्धरात्रि के बाद से ही महिलाओं द्वारा शुभ मुहूर्त में शहर के मंदिरों और पूजा स्थलों पर शीतला माता की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधान में पूजा की थाली लेकर मंदिरों में पहुंचीं और माता से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं दूसरी ओर बुधवार सुबह से ही शहर में रंगोत्सव का उल्लास नजर आने लगा। गली-



मोहल्लों में रंग-गुलाल की बौछारें शुरू हो गई। लोगों ने टोलियां बनाकर एक-दूसरे के घर जाकर रंग गुलाल लगाई। तो वहीं घरों में विशेष रूप से घाट, राबड़ी, पकौड़ी और चावल जैसे ठंडे व्यंजन तैयार किए गए हैं, जिनका लुत्फ उठाया गया। इससे पूर्व शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल पेच के बालाजी मंदिर में महिलाओं ने विधि-विधान से शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया और बच्चों को बीमारियों से दूर रखने तथा घर में सुख-समृद्धि बनाए रखने की कामना की। मान्यता है कि शीतला अष्टमी के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता। इस दिन एक दिन पहले बनाया गया ठंडा भोजन, जिसे बासोडा कहा जाता है, खाया जाता है। शीतला सप्तमी पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहने वाली मुर्दे की सवारी भी दोपहर बाद उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें जिंदा आदमी को अर्थी पर लेटाकर ढोल ढमाको हंसी टिटौली के साथ उसकी शवयात्रा निकाली गई । जो की रेलवे स्टेशन के इंदिरा मार्केट से शुरू होकर बड़े मंदिर के पीछे जाकर समाप्त हुई । इस दौरान पूरा मार्केट रंग और गुलाल से भर गया और लोगो ने इस शवयात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया । पिछले 426 सालो से यह परंपरा निभाई जा रही है । अर्थी पर लेटे मुर्दे को लोगो ने जूते और चप्पल से जमकर पीटा बड़े मंदिर के पास पहुंचते ही अर्थी पर लेटा युवक उठकर भाग गया।

# बीगोद में शीतलाष्टमी पर्व मनाया



**रंगोत्सव शोभायात्रा निकाली**

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बीगोद में हर वर्ष की भांति शीतलाष्टमी पर्व बीगोद नगर में हर्षोल्लास एवं परम्परागत तरीके से मनाया गया। सूर्योदय के साथ ही महिलाओं ने शीतलता माता के मंदिर पर पूजा अर्चना करना शुरू किया। महिलाओं की शीतलता माता पूजन के लिए लम्बे कतारें दिखाई देने लगी। सुबह 10 बजे तक महिलाओं की शीतलता माता मंदिर परिसर में रेलमपेल लगी रही। गली मोहल्लों में बच्चों एवं महिलाओं ने रंग गुलाल खेलना शुरू कर दिया। मंदिरों मे भगवान के प्रति आस्थावान लोगों ने भक्ति कर रंगोत्सव मनाया। स्थानीय बस स्टैंड से ढ़ोल की थाप के साथ शोभायात्रा बजरंग व्यायाम शाला के अध्यक्ष गोविंद सिंह कानावत के निर्देशन में रंग खेलते हुए शोभायात्रा को शुरू की। निर्धारित मार्ग मोजेश्वर महादेव मंदिर मार्ग, पुराना हास्पिलट मार्ग, बस स्टैंड, सदर बाजार, बालाजी चौक, पुराना बाजार, मक्कड़ मस्जिद, पुराना थाना रोड आदि मार्ग होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचा। जहां महामूर्ख सम्मेलन बंजरग व्यायाम शाला अध्यक्ष गोविंद सिंह कानावत की अध्यक्षता तथा स्थानीय थानाधिकारी जय सुल्तान के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व सरपंच गणेश पारीक एवं खटीक समाज अध्यक्ष मोहन लाल खटीक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। जिसमें महेंद्र ललकार, रमेश नागोरी आदि ने हास्य व्यंग्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को लोट -पोट किया। पत्रकार सुरेश लोढ़ा आदि भी उपस्थित थे। अन्त में मुख्य अतिथि थानेदार जय सुल्तान ने शांति एवं सोहार्द वातावरण में रंगोत्सव शोभायात्रा निकाले जाने पर नागरिकों को आभार प्रकट किया। उन्होंने भी हास्य की प्रस्तुति दी। फाल्गुन मस्ती और होली के गीत गाते हुए बच्चे, युवा उत्साह से रंगोत्सव शोभायात्रा सम्मिलित रहे।

# आदिनाथ भगवान की जन्म व दीक्षा जयंती मनाई

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्रीआदिनाथ के जन्म व दीक्षाकल्याणक जयंती स्वेतांबर जैन धर्मावलंबियों ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सवेरे सदर बाजार स्थित आदिनाथ स्वेताम्बर जैन मन्दिर परिसर में सुबह भगवान श्रीआदिनाथ की पूजा के बाद आरती की गई। वहीं भक्तों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर बधाई दी। वहीं भक्त बबलू पोखरना व पुजारी रतन पाराशर ने भगवान श्रीआदिनाथ के जन्म व दिक्षा कल्याणक पर सदर बाजार स्थित



आदिनाथ स्वेताम्बर जैन मन्दिर में विराजित भगवान श्रीआदिनाथ व नाकोड़ा भैरूनाथ की प्रतिमा का गुलाल से विशेष श्रृंगार किया गया जिसकी काफी चर्चा रही।

# संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा ब्रज की होली रंगोत्सव सम्पन्न

## शीतलाष्टमी पर्व पर माहेश्वरी समाज के बनने वाले 2 आईएएस को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा आयोजित 'ब्रज की होली के साथ ही अभिनंदन समारोह एवं भजन एवं रंगोत्सव' कार्यक्रम हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। साथ ही समाज का साुहिक भेज रख गया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का अभिनंदन करने के साथ-साथ भक्ति संगीत और रंगोत्सव के माध्यम से ब्रज की होली की पारंपरिक झलक देखने को मिली। इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष श्याम लाल डाड एवं मंत्री दिनेश कोगटा में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के पूजन एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिसमें राष्ट्रीय अर्थ मंत्री राजकुमार कालिया, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर



अध्यक्ष केदार गगरानी मंत्री संजय जागेटिया सहित रामकिशन सोनी, महेंद्र काकानी, राजेंद्र पोरवाल, अभिजीत सारडा के साथ ही विभिन्न क्षेत्रिय सभा के प्रदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात समाज के गौरव बने दो प्रतिभाशाली युवा जिन्होने आल इंडिया यूपीएससी परिणामों में रैंक 173 अक्षत बल्दवा एवं रैंक 296 अमन झंवर का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने दोनों अधिकारियों को साफा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। इस दौरान संस्थान द्वारा समाज सेवा ने उत्कृष्ट कार्य करने पर भवंर लाल नकलक, बापूलाल पोरवाल, कृष्ण गोपाल झंवर को समाज रत्न की मानक उपाधि से अलंकृत कर सम्मानित किया। अभिनंदन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अक्षत बल्दवा एवं अमन झंवर की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। समाज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भजन संध्या एवं रंगोत्सव रहा। उदयपुर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक महेश पालीवाल ने अपने मधुर भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने राधा-कृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत कई भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रोता भावविभोर हो गए। वहीं उदयपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका त्रिशा त्रिशा सुथार ने भी अपनी सुरीली आवाज से भक्तिमय माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। उनके भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और कई लोगों ने भक्ति में मग्न होकर नृत्य भी किया। कार्यक्रम के दौरान ब्रज की होली की झलक भी प्रस्तुत की गई। रंग-गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई, जिससे पूरा वातावरण रंगों और खुशियों से सराबोर हो गया।

बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा वातावरण वृंदावन की होली के रंग में रंग गया हो। आयोजन स्थल को भी विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे फूलों, रोशनी और आकर्षक मंच सज्जा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। इस दौरान संस्थान के छितरमल लढा पहलाद नुवाल, कैलाश मून्द्रड़ा, किशन असावा, महावीर लढा, राजकुमार डाड, सतीश बहेडिया, अनिल पोरवाल, भेरू लाल ईनाणी, तरुण बांगड़, महेश राठी, शिव मून्द्रडा, सत्यनारायण कोठारी, बद्री लाल गग्गड़, राहुल गग्गड़, दिनेश लड्डा, भरत सोडानीने आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला, जिसके कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, कलाकारों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। साथ ही प्रतिभाओं के सम्मान से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस भव्य आयोजन ने समाज के सभी लोगों को एक मंच पर लाकर भक्ति, संस्कृति और उत्सव का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने का संकल्प लिया।

# माहेश्वरी समाज के 90 वर्ष के वरिष्ठतमजन का सम्मान 17 को

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री पुराना शहर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान भीलवाड़ा नगर मे निवासरत 90 वर्ष या ऊपर उम्र के वरिष्ठ जन एवं सम्मानित पुरुष व महिलाओं का सम्मान 17 मार्च मंगलवार होली का नावन को साय 7 बजे रामस्नेही वाटिका में होगा।

पुराना शहर अध्यक्ष कैलाश बाहेती, मंत्री सत्यनारायण तोतला ने बताया कि होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में भीलवाड़ा शहर की 15 क्षेत्रीय सभाओं मे निवासरत 90 वर्ष से ऊपर वरिष्टों का भव्य सम्मान किया जाएगा इस हेतु वरिष्ठ जनों के आधार कार्ड, फोटोकॉपी सहित अपना फोटो, नाम, मोबाइल नंबर श्रीनगर माहेश्वरी सभा कार्यालय भीलवाड़ा, महावीर समदानी उपाध्यक्ष नगर सभा, कैलाश चंद्र मुंन्दडा संजय कॉलोनी, जगदीश काष्ट तिलक नगर, सुरेश आगाल कार्यालय मंत्री नगर सभा,रमेश बाहेती बड़ा मंदिर चौक एवं 15 क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष, मंत्री के यहां पर रजिस्ट्रेशन किए गए।

# कोटड़ी श्याम के साथ भक्तों ने खेली केसर गुलाल व फूलों से होली

## उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, भक्ति में झूमें श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** मेवाड़ के प्रमुख तीर्थ कोटड़ी श्याम मंदिर में शीतला अष्टमी पर फाग महोत्सव मनाया गया, भव्य फागोत्सव पर ठाकुर जी संग फूलों व गुलाल की होली खेली । सुबह मंदिर में फाग का कार्यक्रम आयोजित हुई । ठाकुर जी के संग भक्त गुलाल व फूलों से होली खेलेंगे । इस कार्यक्रम में प्रदेश के कई शहरों से श्रद्धालु शामिल होंगे । कोटड़ी श्याम संग होली खेलने की परंपरा को निभाते हुए श्रद्धालु गुलाल व फूलों से होली खेलेंगे । यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओ की सबसे पहले भगवान चारभुजानाथ के दर्शन कर होली खेलने की शुरुआत होगी । मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाडोदिया ने बताया कि मेवाड़ के प्रसिद्ध आस्था धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में बुधवार को भव्य फाग महोत्सव का आयोजन होगा । शीतला अष्टमी के उपलक्ष्य में होने वाले इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। कल बुधवार सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक मंदिर परिसर में भक्त अपने आराध्य के साथ मर्यादा में रहकर होली के रंगों में सराबोर रहे । फाग महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता ठाकुरजी का पारंपरिक श्रृंगार है । भक्तों द्वारा जंगलों से लाए पलाश के फूल और गेहूं की सुनहरी बालियों से ठाकुरजी का विशेष बागा धारण करा श्रृंगार किया । वही पलाश के फूलों को उबालकर बनाये प्राकृतिक केसरिया जल से कोटड़ी श्याम अपने भक्तों के साथ होली खेली । महोत्सव में विख्यात भजन गायक कलाकार गोकुल शर्मा, राजू रावल, पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव और दिनेश राठौड़ फाग के गीतों और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस में भक्तगण मस्ती में मग्न होकर झूमने



लगे । श्रद्धालुओं के लिए विशाल स्तर पर प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमे 1100 लीटर दूध, 300 किलो चावल, 200 किलो शक्कर और ड्राई फ्रूट्स से 'मीठा ओलिया' तैयार किया । साथ ही 1000 लीटर केसरिया ठंडाई, 700 किलो चिप्स-पापड़, माखन-मिश्री, गुड़ चूरमा और फ्रूट सलाद का वितरण किया । 251 किलो फूलों से दरबार सजेगा और 500 किलो गुलाल का उपयोग किया।

# शीतला सप्तमी पर आस्था का सैलाब, मां को प्रसाद के रूप में चढ़ाया बासा भोजन



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में शीतला अष्टमी के अवसर पर आज बुधवार को शीतला माता मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा । शीतला माता मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए पहुंची, महिलाएं एक दिन पहले मंगलवार को तैयार किया गया, ठंडा ( बासी ) भोजन थालियों में सजाकर मंदिर पहुंचीं और माता को भोग लगाकर परिवार की सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की । ढ़ेलाणा की माया जाट, ललिता वैष्णव ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं पूजन सामग्री, प्रसाद और ठंडा भोजन लेकर मंदिर पहुंचीं, माता को पूड़ी, पुआ, दही, मिठाई सहित अन्य बासे पकवानों का भोग लगाया गया । पूजन के बाद महिलाओं ने शीतला माता की कथा भी सुनी।

# केन्द्र की नीतियों के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा की केन्द्र सरकार की गलत विदेश नीति के कारण देश में बढ़ रहे गैस के दामों के विरुद्ध जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार गलत विदेश नीति के कारण इजरायल, अमेरिका और ईरान के मध्य हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को सुरक्षित करने में भाजपा की केंद्र सरकार विफल होने से देश में ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है। घरेलू गैस के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाकर आमजन पर भार डाला गया है। इस संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में केंद्र सरकार के खिलाफ 13 मार्च शुक्रवार को प्रातः 10.30 से 12:30 बजे तक कलक्ट्रेट चौराहा पर धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# औचक निरीक्षण: कलेक्टर ने परखी उनियारा नगर पालिका व पुलिस थाने की प्रशासनिक व्यवस्था

**नगरपालिका में संसाधनों की कमी पर जताई चिंता-आय बढ़ाने और लंबित पट्टों की जांच के निर्देश**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** जिला कलेक्टर टोंक कल्पना अग्रवाल ने उनियारा नगर पालिका और पुलिस थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका के कामकाज, संसाधनों की उपलब्धता और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।



### जमीन के पट्टों की समस्या पर संज्ञान

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने जमीन के पट्टों से जुड़ी अपनी समस्याएं भी जिला कलेक्टर के सामने रखीं। कई लोगों ने पट्टे जारी होने में हो रही देरी की शिकायत की। इस पर जिला कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम उनियारा को संबंधित फाइलें मंगाकर जांच करने के निर्देश दिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पट्टे जारी होने में देरी क्यों हो रही है और आमजन को राहत कैसे दी जा सकती है।

### नगर पालिका की आय बढ़ाने पर जोर

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर टोंक के सामने यह मामला आया कि नगर पालिका काफी पुरानी संस्था होने के बावजूद संसाधनों की कमी से जूझ रही है। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए ठोस और व्यावहारिक प्रयास किए जाएं, ताकि शहर में विकास कार्यों को गति मिल सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व के नए स्रोत तलाशे जाएं और नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को तय कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

### स्कूल भूमि विवाद की भी होगी जांच

वहीं उनियारा कस्बा क्षेत्र के एक स्कूल की जमीन को लेकर चल रहे विवाद का मुद्दा भी निरीक्षण के दौरान सामने आया। कलेक्टर ने इस मामले में भी प्रशासन को रिकॉर्ड खंगालने के निर्देश दिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जमीन का वास्तविक मालिकाना हक वर्तमान में किसके पास है और विवाद का समाधान जल्द किया जा सके।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनहित और विकास कार्यों को गति देना होना चाहिए। उन्होंने नगर पालिका और पुलिस प्रशासन को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद क्षेत्र में यह उम्मीद जगी है कि प्रशासनिक सक्रियता से नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

# कार की टक्कर से परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की मौत

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के भीलवाड़ा बाईपास पर इंदिरा गांधी स्टेडियम के समीप मंगलवार दोपहर कार की टक्कर से परीक्षा देकर लौट रहे स्कूटी सवार छात्र की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार जयदीप (16) पुत्र शैलेश मेनारिया निवासी सुवानिया हाल आनंद विहार चित्तौड़गढ़ मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सेंट्रल अकादमी स्कूल में कक्षा 9 की परीक्षा देकर लौट रहा था। इसी दौरान भीलवाड़ा बाईपास पर सिसोदिया शोरूम के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल छात्र को तुरंत सांवलियाजी जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट के चलते उदयपुर रेफर किया गया। उदयपुर में निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर शव का चित्तौड़गढ़ के सांवलियाजी चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपूर्द कर दिया।

# तस्करी व अवैध हथियार रखने का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगातार अपराधियों पर अकुंश लगाते हुए जिला बाड़मेर व बालोतरा में एनडीपीएस एक्ट व अवैध हथियार रखने के अलग-अलग मामलों में वांछित दस-दस हजार रुपये के ईनामी आरोपी को सदर थाना निम्बाहेड़ा क्षेत्र के धीनवा जावदा रोड से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिला विशेष टीम (डीएसटी) के हेड कांस्टेबल भुपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजदीप सिंह, विजय व दीपक की टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगाणा थाना बाड़मेर व पचपदरा बालोतरा में एनडीपीएस एक्ट और अवैध हथियार रखने के अलग-अलग मामलों में वांछित 10-10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी तुलसीराम (35) पुत्र चुन्नीलाल मेनारिया निवासी जावदा थाना सदर निम्बाहेड़ा को गिरफ्तार कर लिया।

# गणेश वंदन के साथ चेटी चंड महापर्व का आगाज



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर में सिंधी समाज के आराध्य देव वरूण देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के 10 दिवसीय महोत्सव का बुधवार को शाम की सब्जी मंडी के झूलेलाल मन्दिर में देवताओं में प्रथम पूज्य गणेश भगवान का ध्वजारोहण कर आगाज किया गया. सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूल चंद बहरवानी ने बताया कि सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी हेमनदास भोजवानी के नेतृत्व में कई समाजसेवियों ने ध्वज की विधिवत पूजाअरचना कर शिखर पर स्थापित किया. शीतला अष्टमी के उपलक्ष में सिंधी समाजजनों ने शहर के सभी झूलेलाल मंदिरों में पहुंचकर भगवान संग रंग गुलाल और अबीर के साथ होली खेलकर सभी को शीतलासप्तमी की शुभकामनाएं दीं. गौ भक्त किशोर लखवानी ने बताया कि 10 दिवसीय चेटीचंड महापर्व के दौरान आगामी रविवार 15 मार्च को नाथद्वारा सराय झूलेलाल मन्दिर में दादा हे मरा ज म ल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के शिक्षाविदों का सम्मान समारोह का आयोजन होगा. सिंधी समाजसेवी विनोद झुरानी ने बताया कि गुरुवार 19 मार्च को सुबह 9.30 बजे से सिंधी समाज की विशाल एकता वाहन यात्रा शुरू होगी जो बाद में नाथद्वारा सराय के झूलेलाल मन्दिर पर पहुंचकर समाप्त होगी. इसी दौरान 12.15 बजे इसी मन्दिर में समाज के संत महात्माओं द्वारा यहाँ पर धर्म ध्वजा चढ़ाई जाएगी. इस दौरान सभी समाजजनों ने चेटीचंड महापर्व को वृहद स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया. इस दौरान सिंधी समाजजनों के दल ने समाज के माँ इच्छापूर्ण मन्दिर, गोविंद धाम सहित सभी धार्मिक स्थलों पर प्रभु दर्शन किए. होली मिलन के इस कार्यक्रम के दौरान टेऊंराम भगत, वीरूमल पुरसानी, महेश खोतानी, गुलशन विधानी, हरीश सखरानी, रामचंद्र खोतानी, राजेश माखीजा, सुरेश पेशवानी, ओम गुलाबानी, राजू छतवानी, हरीश मानवानी, कैलाश कृपलानी, वासुदेव मोतियानी, एमडी राम, चंद्र तुल्सानी, मनोहर लालवानी, मोनी जगत्यानी, मनोज भोजवानी, रमेश पमनानी, मनोज बहरवानी, हरीश राजवानी, कमल हेमनानी, भगवान रामचंदानी, सुरेश भोजवानी सहित अनेक समाजजन मौजूद थे।

# तीस लाख के जेवर चोरी का खुलासा

## एक गिरफ्तार

**राशमी।** पुलिस ने लसाड़िया कला खेड़ा गांव में हुई लगभग 30 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार मिठुलाल पुत्र गोपीलाल जाट निवासी लसाड़िया कला खेड़ा ने 26 फरवरी को पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका परिवार खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर कमरे में रखे बक्से से करीब 30 लाख रुपये जेवरात चोरी कर लिए। जिसमें लगभग 3.5 किलो वजनी चांदी की कड़ियां, सवा किलो वजनी चांदी का कंदोरा, लगभग एक तोला वजनी सोने की दो रामनामी-मांदलिये की जोड़ी, लगभग दो तोला वजनी सोने का टड्डा, 2.5 ग्राम सोने की कुड़क और चांदी के कातरीये शामिल थे। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जिस पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थानाधिकारी रतन सिंह



के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक नंदलाल, कांस्टेबल विनोद, दीपक, साँवरमल और लोकेश की एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों के फुटेज देखकर मुखबिरों की सूचना पर वारदात में लिप्त आरोपी की पहचान की। जिसके आधार पर देवीलाल उर्फ देवा पुत्र बंशीलाल गाडरी निवासी लसाड़िया कला खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा चोरी के जेवरात बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# विकास अधिकारी की कार से मिली डेढ़ लाख रु की संदिग्ध राशि, लिया हिरासत में पूछताछ जारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोटा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) टीम ने भीलवाड़ा जिले के APO विकास अधिकारी की कार से डेढ़ लाख की नकदी बरामद की। पूछताछ में अधिकारी रकम के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद ACB ने रकम जप्त कर ली। राज्य सरकार ने एक दिन पहले ही भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामविलास मीणा को APO किया था। वो कार से भीलवाड़ा से कोटा आ रहे थे। 10 मार्च को एसीबी की टीम ने हैंगिंग ब्रिज के पास कार रुकवाकर तलाशी ली थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया- राज्य सरकार ने आदेश जारी कर रामविलास मीणा को 9 मार्च को APO किया था। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज




विभाग जयपुर मुख्यालय में हाजिरी देने के आदेश जारी किए थे। सूत्रों से जानकारी मिली थी कि एपीओ रहने के बाद भी रामविलास मीणा द्वारा पिछली तारीख के बिल पास करने की एवज में ठेकेदारों से अवैध तरीके से राशि वसूली जा रही है। वह रकम लेकर RJ 17 नंबर की कार से कोटड़ी भीलवाड़ा से रवाना होकर कोटा आ रहा है।

### संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जब्त किए रुपए

पुलिस उप अधीक्षक एसीबी अनीश अहमद के नेतृत्व में कोटा-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर 10 मार्च को कार्रवाई की गई। हैंगिंग ब्रिज टोल नाके के पास कार को रुकवाया गया। कार में रामविलास मीणा बैठा हुआ था। तलाशी में कार से अवैध राशि 1 लाख 55 हजार 275 रुपए मिले। इनके बारे में रामविलास मीणा द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर अवैध राशि को जप्त किया गया। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। रामविलास मीणा कोटा के हाड़ौती को कॉलोनी के रहने वाले है।

# पुलिसकर्मी 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | जयपुर



एसीबी की दौसा चौकी द्वारा ट्रैप कार्रवाई करते हुए रामप्रकाश कांस्टेबल, पुलिस चौकी गोला का बास, पुलिस थाना टहला, जिला अलवर को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्राप्त शिकायत के अनुसार परिवादी के माता-पिता एवं छोटे भाई के विरुद्ध पुलिस थाना टहला, जिला अलवर में दर्ज एक मुकदमे में राजीनामा पत्रावली पर लेने की एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत का सत्यापन करने के उपरांत ट्रैप कार्रवाई की गई। जिसमें आरोपी रामप्रकाश कांस्टेबल को परिवादी से 10,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# शीतला सप्तमी पर उमड़ी आस्था, पारंपरिक कोड़ा मार होली खेली

## खजूरी सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया पर्व

स्मार्ट हलचल

**खजूरी।** खजूरी उपतहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में बुधवार को शीतला सप्तमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही शीतला माता मंदिर में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने एक दिन पूर्व मंगलवार को तैयार किया गया बासा (ठंडा) भोजन शीतला माता को अर्पित किया। महिलाओं ने थालियों में पूड़ी, पुआ, दही, राबड़ी और विभिन्न मिठाइयां सजाकर माता के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



खजूरी निवासी अंकित पारीक, मंजू देवी, लाड देवी, सावित्री देवी, भगवती देवी, सीमा और प्रीति पारीक सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि माता की पूजा से परिवार में सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की जाती है। पूजन के बाद मंदिर परिसर में महिलाओं ने समूह में बैठकर शीतला माता की पौराणिक कथा सुनी और आरोग्य व खुशहाली की प्रार्थना की। मान्यता है कि शीतला माता की पूजा से चेचक जैसी बीमारियों से मुक्ति मिलती है और घर में शीतलता व सुख-समृद्धि का वास होता है। इसी आस्था के चलते सुबह मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। गांवों में घर-घर परंपरागत पकवानों का आनंद लिया गया। संजय पारीक, चंद्रप्रकाश पारीक, गोविंद प्रजापत, लोकेश तेली, सौरभ पारीक, कमलेश तेली, भानु प्रताप साहू, एस. पारीक और मुरारी पारीक सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में गाजे-बाजे और डीजे के साथ होली खेली जाती है। लोग नाचते-गाते हुए गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बस स्टैंड तक पहुंचते हैं, जहां कार्यक्रम का समापन होता है।

इसके बाद बड़ी पोल क्षेत्र के लोगों द्वारा पारंपरिक कोड़ा मार होली खेली जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी उसी उत्साह के साथ निभाई जा रही है। इस आयोजन के माध्यम से गांव में भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश फैलता है। लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं।

# श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया शीतलाष्टमी का पर्व

**ठंडे व्यंजनों का लगाया भोग, विधि विधान के साथ महिलाओं ने की शीतलामाता की पूजा अर्चना**

स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे सहित क्षेत्र में बुधवार को कृष्ण चैत्र अष्टमी की शीतलामाता का पर्व श्रद्धा,आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।वही महिलाओं ने सुबह जल्दी उठकर महिलाओं ने विधि विधान जे साथ पूजा अर्चना कर ठंडे व्यंजनों पर भोग लगाया।और कस्बे में महिला,पुरूष व युवक युवतियां अबीर गुलाल और रंगोत्सव की मस्ती में सरोबार नजर आया।

की खुशहाली की कामना- महिलाओं ने बुधवार सुबह पारम्परिक परिधानों में सज धज कर सदर बाजार स्तिथ शीतला माता मंदिर में जाकर ठंडे व्यंजन ,मिठाइयों का भोग लगाया और शीतला माता की पूजा अर्चना की और घर,परिवार और क्षेत्र की सुख, समृद्धि व खुशहाली की



प्रार्थना की। रोगों से मिले मुक्ति-धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शीतला माता की पूजा में ठंडे व्यंजनों का ही भोग लगाया जाता है ,माता की पूजा अर्चना व आराधना करने से परिवार में बीमारियां दूर होती है और असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है और घर मे सुख,शांति,समृद्धि का वास होता है।

कस्बे सहित सरथला में झूमे श्रद्धालु-कस्बे सहित क्षेत्र के सरथला चारभुजा नाथ की नगरी में भजनों की बहार के साथ बच्चो से लेकर बुजुर्गों तक रंगोत्सव का उत्साह देखने को मिला,सभी ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर पारम्परिक अंदाज में होली मनाई।श्रद्धालुओ ने जमकर रंग खेला और सभी ने एक दूसरे के घर जाकर होली का विशेष व्यंजन औलिया और मिठाइयों का स्वाद लिया। प्रेम भाईचारे के साथ गले मिल होली कि बधाईयां दी।

### जिला कलक्टर ने ली एलपीजी वितरकों की बैठक

# घरेलू गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक, उपभोक्ता भ्रमित न हों - जिला कलक्टर

## गैस सिलेण्डर आपूर्ति व्यवस्था पर जिला प्रशासन की पैनी नजर, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव के चले एलपीजी गैस सिलेण्डर को लेकर बन रही उहापोह की स्थिति के बीच जिला प्रशासन एलपीजी वितरण को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बुधवार को कलक्ट्रेट मिनी सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एलपीजी वितरकों की बैठक ली। इसमें जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और किसी भी स्तर पर अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जिले में कुल 44 गैस वितरक फर्म




कार्यरत हैं, जिनमें एचपीसीएल के 8, बीपीसीएल के 18 और आईओसीएल के 18 वितरक शामिल हैं। जिले में कुल 7 लाख 54 हजार 405 घरेलू गैस कनेक्शन धारक हैं, जिनमें 3 लाख 63 हजार 142 उज्ज्वला योजना तथा 3 लाख 9 हजार 957 सामान्य उपभोक्ता शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले में प्रतिदिन लगभग 10 हजार घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है तथा घरेलू गैस की आपूर्ति 48 से 72 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में घरेलू गैस कनेक्शन धारकों, शिक्षण संस्थानों और चिकित्सा संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की प्रतिदिन लगभग 1000 सिलेंडरों की आवश्यकता है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि गैर-घरेलू सिलेंडरों का भी पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए। कलक्टर मेहता ने अधिकारियों और वितरकों को निर्देशित किया कि गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमित वितरण की शिकायत मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू रहनी चाहिए ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, एसडीएम गिर्वा अवुला सांईकृष्ण, बीपीसीएल प्रादेशिक प्रबंधक अजय पटेल, विक्रय अधिकारी श्लोक गुप्ता, एचपीसीएल के विक्रय अधिकारी दीपक आचार्य, आईओसीएल के विक्रय अधिकारी धर्मेंद्र सहित एलपीजी वितरक उप-स्थत रहे।

### जिला कलक्टर ने की अपील

जिला कलक्टर नमित मेहता ने आम उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेण्डर को लेकर किसी प्रकार से पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है। जिन लोगों ने बुकिंग करा रखी हैं, उन्हें नियमानुसार घरेलू गैस सिलेण्डर निर्बाध रूप से उपलब्ध कराए जा रह हैं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

# दिव्यांग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान सरकार में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों को 30 जून 2016 से पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की मुख्यमंत्री की घोषणा का दिव्यांग कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

राजस्थान दिव्यांग उत्थान समिति की ओर से बुधवार को सूचना केंद्र परिसर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। मीडियाकर्मियों से मुखातिब होते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष दयानंद स्वर्णकार सहित पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय दिव्यांग समाज को सम्मान और समान अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। श्री स्वर्णकार ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कार्मिक विभाग से इस संबंध में शीघ्र परिपत्र जारी कराने, समान अवसर नीति-2025 की सभी विभागों में सख्ती से पालना सुनिश्चित करने, राजस्थान के दिव्यांग कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान दिव्यांग भत्ता प्रदान करने, पदोन्नति के अनुभव में 50 प्रतिशत छूट देने, बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाने तथा जोधपुर डिस्कॉम में 4 प्रतिशत पदोन्नति आरक्षण लागू करने की मांग की गई।

इस अवसर पर संजय पानेरी, जयप्रकाश दरक, विनोद कोठारी, प्रकाश मेनारिया, मुरली सरवा, दीपक दीक्षित, शिवदान देवलिया, गोपाल शारिक, अशोक मेघवाल, राकेश स्वामी, मनोज पुनिया, दीपक सुवालका, हर्षित शुक्ला एवं किशोर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जेसीबी से धड़ल्ले से अवैध खनन-प्रशासन मौन-राजस्व विभाग और पुलिस की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

## मौके पर जेसीबी से मिट्टी खनन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ले जाई गई मिट्टी-पुलिस जाप्ता नहीं पहुंचने से जेसीबी व ट्रैक्टर नहीं हो सके जब्त, अवैध खनन का खेल जारी-प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल-ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन की कथित सांठगांठ पर जताया संदेह


स्मार्ट हलचल

टोंक/उनियारा । उनियारा उपखण्ड क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में 9 मार्च 2026 को कस्बा क्षेत्र उनियारा में खातेदारी भूमि के खसरा नंबर 4712, 4713 और 4714 पर जेसीबी मशीन से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किए जाने का मामला सामने आया है।

तहसीलदार उनियारा पूजा मीणा के निर्देश के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व कार्मिकों व हल्का पटवारी उनियारा ने पाया कि जेसीबी मशीन से करीब 15 फीट गहरी खाईयां खोदकर मिट्टी निकाली जा रही थी। मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मिट्टी भरकर लगातार परिवहन किया जा रहा था।

### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी का अवैध परिवहन

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर जेसीबी मशीन लगातार मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों



में भर रही थी। कुछ ही समय में करीब 15 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी भरकर वहां से रवाना हो गईं।

सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अधिकतर वाहन वहां से निकल चुके थे। मौके पर केवल एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी भरते हुए पाई गई।

### खनन की अनुमति पूछने पर ठेकेदार का नाम आया सामने

राजस्व कार्मिकों द्वारा जब मौके पर मौजूद जेसीबी चालक और ट्रैक्टर चालक से खनन की अनुमति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह कार्य भैरू उर्फ भंवर नामक ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा था। मौके पर चारों तरफ खदान जैसे गहरे गड्ढे पाए गए, जिससे खेतों के रास्ते भी बाधित हो चुके हैं और भविष्य में जनहानि की आशंका भी जताई जा रही है।

### पुलिस जाप्ता नहीं पहुंचा-जब्ती की कार्रवाई नहीं

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी अवैध खनन की सूचना मिलने पर 112 पुलिस वाहन और राजस्व कार्मिक मौके पर पहुंचे थे, लेकिन खनन माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब 9 मार्च को दोबारा शिकायत मिलने पर राजस्व कर्मचारी फिर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की वीडियोग्राफी कर खनन को रूकवाया गया। लेकिन पुलिस जाप्ता मौके पर नहीं होने के कारण जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त नहीं किया जा सका। राजस्व कर्मचारियों ने केवल मौका पर्चा बनाया, फिर हिदायत देकर खनन कार्य बंद करने की चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया।

### प्रशासनिक कार्यशैली पर उठे बड़े सवाल

पूरे घटनाक्रम ने राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब पहले ही मौके पर अवैध खनन पाया जा चुका था तो दोबारा उसी स्थान पर खनन कैसे शुरू हो गया और जिम्मेदार विभागों ने सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ढिलाई और कथित मिलीभगत के कारण यह धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्ती दिखाए और पुलिस गश्त को प्रभावी बनाए तो अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर तुरंत रोक लग सकती है।

### अब कार्रवाई या फिर चलता रहेगा खेल?

लगातार सामने आ रहे मामलों से यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक स्तर पर अनदेखी या कथित सांठगांठ भी इस पूरे मामले में भूमिका निभा रही है। अब देखना यह होगा कि राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हैं या फिर अवैध खनन का यह खेल इसी तरह जारी रहेगा।

# जौहर श्रद्धांजली समारोह में योगी आदित्यनाथ करेंगे शिरकत



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** जौहर श्रद्धांजली समारोह में रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य गणमान्य अतिथि के आगमन तथा सभा को लेकर की जा रही आवश्यक तैयारियो का बुधवार को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होने समारोह को सफल बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने व समस्त व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह बिजयपुर, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह मुरलिया, महामंत्री तेजपाल सिंह शक्तावत, संयुक्त मंत्री गजराज सिंह बराडा, पूर्व चेयरमैन सुशील शर्मा, पूर्व यूआईटी चेयरमैन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चेयरमेन सुशील शर्मा, भरत जागेटिया, जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद, नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, अनिल ईनाणी, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, शैलेन्द्र झंवर, भोलाराम प्रजापत, नवीन पटवारी, सुदर्शन रामपुरिया, हरीश ईनाणी, परमजीत सिंह, दिपक शर्मा, रवि विराणी, कमलेश आमेरिया, विनित तिवारी, अविनाश शर्मा, दिलीप सुथार, गोपाल जाजू, राजन माली, चुन्नीलाल माली, मोनू सलुजा, अनिल तम्बोली, भूपेन्द्र सिंह, युवराज आर्य, मिनु कंवर सोलंकी, रेणु मिश्रा, ममता चौहान, सुनीता शर्मा, गणेश भोई, हरीश गुरनानी, मनोज साहू, कुलदीप शर्मा, योगेश आसनानी, पिनु मेनारिया, पंकज सेन, सावंत छीपा, गोपाल शर्मा, अजय बनवार, सुनिल रजक आदी उपस्थित थे।

# जौहर श्रद्धांजलि समारोह के तहत खेल प्रतियोगिताएं 13 से

**चित्तौड़गढ़।** जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशाल जौहर श्रद्धांजलि समारोह के तहत 34वीं महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 मार्च को प्रातः 10 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा।

जानकारी के अनुसार 13 से 15 मार्च तक आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में 13 मार्च को महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक, ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा तीर एवं भाला चला कर किया जायेगा। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स पुरुष वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर एवं 3000 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक, तस्तरी फेंक, लंबी कूद तथा महिला वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, गोला फेंक, लंबी कूद एवं बालिका वर्ग में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के संयोजक जिला खेल अधिकारी राम रतन गुर्जर एवं उप संयोजक दलपत सिंह चुंडावत ने बताया कि 14 मार्च 2026 को महाराणा भोपाल राजपूत छात्रावास में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष-महिला वर्ग सीनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रातः 9 बजे आयोजित की जाएगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 14 मार्च 2026 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में शाम 4 बजे घुड़चाल, घुड़नृत्य, सुंदरघोड़ा/घोड़ी, रस्साकशी, जोधपुरी साफा बांध प्रतियोगिता एवं बालिका वर्ग में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह, खेल प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों एवं संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान कर प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा।

# इंट्रा स्टेट रेलवे कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने पर राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की रेल मंत्री से चर्चा

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज नई दिल्ली स्थित कार्यालय में भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर राजसमंद लोकसभा क्षेत्र एवं मेवाड़ क्षेत्र में रेलवे विस्तार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान सांसद महिमा कुमारी ने राजस्थान में इंट्रा-स्टेट रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न शहरों के बीच बेहतर रेल संपर्क से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही इंटर-स्टेट रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के विषय पर भी चर्चा की गई, जिससे राजस्थान का अन्य राज्यों से संपर्क और सुदृढ़ हो सके।



सांसद ने देवगढ़ से मदारिया तक ब्रॉडगेज लाइन के कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी होने पर मेवाड़ क्षेत्र सीधे मारवाड़ से जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कांकरोली से भीलवाड़ा तक रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे इस क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत हो सके।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इंदौर से चलने वाली वीरभूमि एक्सप्रेस (19316) के वापसी समय में परिवर्तन करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन प्रातः बहुत जल्दी पहुंचती है, जिसके कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परिवहन साधन उपलब्ध होने में कठिनाई होती है, इसलिए इसके समय में व्यवहारिक परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने उदयपुर से अहमदाबाद होते हुए मुंबई तक प्रतिदिन एक सीधी ट्रेन संचालित करने की आवश्यकता भी रेल मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि मुंबई में मेवाड़ क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं, जिन्हें वर्तमान में सीधी रेल सुविधा के अभाव में सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कांकरोली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'राजसमंद' करने का प्रस्ताव भी रेल मंत्री के समक्ष रखा। इस पर रेल मंत्री ने अधिकारियों से चर्चा कर इसकी व्यवहार्यता पर विचार करने का आश्वासन दिया।

सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि मावली स्टेशन तक आने वाली सभी ट्रेनों को आगे मंडियाना (नाथद्वारा) तक विस्तारित किया जाए। इससे नाथद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी तथा राजसमंद जिले में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ इन प्रस्तावों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# जैन दिवाकर राष्ट्रीय युवा सम्मेलन का 15 मार्च को उदयपुर में आयोजन

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** अखिल भारतीय श्री जैन दिवाकर संगठन समिति की युवा शाखा द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सेक्टर 4 स्थित अटल सभागार उदयपुर में आगामी 15 मार्च 2026 रविवार को आयोजित किया जा रहा हे।

युवा सम्मेलन में उपाध्याय डा. गोतम मुनि, प्रवर्तक विजय मुनि, उप प्रवर्तक चंद्रेश मुनि,आगम ज्ञाता वैभव मुनि सहित कई संत और साध्वी जी महाराज साहेब के द्वारा प्रेरणा पाथेय के साथ प्रखर चिंतक डॉ. दिलीप धींग चेन्नई, सहकारिता मंत्री गौतम दक, मंदसौर विधायक विपिन जैन,उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व विधायक निंबाहेड़ा अशोक नवलखा, सेवानिवृत आईजी पुलिस प्रसन्न खमेसरा सहित प्रखर चिंतकों का प्रेरणादाई उद्बोधन प्राप्त होगा।

संगठन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आई.एम. सेठिया व महामंत्री राकेश मेहता, कोषाध्यक्ष संतोष चोपड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र मेहता, महामंत्री कमलेश दुग्गड, कोषाध्यक्ष हेमंत चोपड़ा सहित युवा टीम सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देकर राजस्थान मध्यप्रदेश एवं देशभर के प्रमुख स्थानों पर व्यक्तिगत दौरा कर




निमंत्रण देकर युवावर्ग को अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

संगठन समिति युवा शाखा के महामंत्री कमलेश दुग्गड़ के अनुसार राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सिद्धराज संघवी, युवा सलाहकार मनीष दाणी एवं राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष वीरेंद्र मारू आदि ने सम्मेलन स्थल का जायजा लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देकर गुरुवृंद से सम्मेलन की चर्चा कर संघ एकता के अग्रदूत प्रसिद्ध वक्ता पंडित रत्न जैन दिवाकर श्री चौथमलजी महाराज के आदर्शों सिद्धांतों व संस्कारों को समाज में जीवंत बनाए रखने के दृष्टिगत कई विशेष धार्मिक सामाजिक प्रस्ताव भी पारित किए जायेंगे और सम्मेलन संघ एकता और गुरु समर्पण को समर्पित होगा।

# नाले में महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

स्मार्ट हलचल | बांदीकुई

बसवा थाना क्षेत्र के सबडावली गांव के पास वीरपाला ढाणी के नाले में एक महिला का शव मिलने से बुधवार सुबह क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बसवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह ढाणी के कुछ युवक शौच के लिए नाले की ओर गए थे। इस दौरान उन्होंने नाले में एक महिला का शव पड़ा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत बसवा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का



जायजा लिया।

पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। महिला के चेहरे को किसी जंगली जानवर द्वारा नोचने के कारण पहचान करना मुश्किल हो रहा था। प्रारंभिक जांच में महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी, जिसके बाद आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जांच की गई। इस दौरान बांदीकुई थाने में दर्ज एक महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट से सुराग मिला। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान प्रेम देवी (55) पत्नी मोतीलाल सैनी निवासी घंटोलिया की ढाणी, ऊनबड़ा गांव के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि प्रेम देवी पिछले कुछ वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित थीं और रविवार को घर से बिना बताए निकल गई थीं। इसके बाद बांदीकुई थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी।

### परिजनों ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप...

महिला का शव मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि रविवार को ही बांदीकुई थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई थी। लेकिन पुलिस ने महिला की तलाश के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। परिजन रोजाना थाने जाकर महिला को ढूंढने की गुहार लगाते रहे, लेकिन जांच अधिकारी की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाने पर भी विरोध..

बसवा थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसवा लेकर जा रही थी। इसके लिए पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली की व्यवस्था की थी, लेकिन मृतका के पुत्रों ने इसका विरोध किया और शव को ट्रॉली में रखने से मना कर दिया। परिजन शव को अपने निजी वाहन से बांदीकुई ले जाने का प्रयास करने लगे और पुलिस के खिलाफ विरोध जताया। बाद में पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर परिजनों को शांत किया और शव को बसवा अस्पताल लाकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।घटनास्थल पर एफएसएल टीम भी पहुंची और मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। ट्रेनिंग आरपीएस ओमप्रकाश गोदारा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में महिला के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। महिला के चेहरे को जंगली जानवर ने नोच लिया था। महिला की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस दौरान बांदीकुई थाना प्रभारी जहीर अब्बास, हनुमान सहाय, पूर्व सरपंच रामकरण सैनी, चंदन सिंह, राजेंद्र गुर्जर सहित अन्य ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे।

# बिहार सरकार के मंत्री ने सांवलियाजी के दर्शन किये

**मण्डफिया।** बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग मंत्री संजय कुमार सिंह ने बुधवार का भगवाने श्री सांवरिया सेठ के दर्शन किये।

जानकार के अनुसार दर्शन के पश्चात मंत्री संजय कुमार सिंह ने भगवान से देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्री का उपरना ओढ़ा, तस्वीर एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। दर्शन के दौरान मंदिर मंडल के अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, एसडीएम रजनी मीना, नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर मंडल सदस्य पवन तिवारी, रामलाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# महवा में विधायक राजेंद्र मीणा की सख्त समीक्षा बैठक, पेयजल-ट्रैफिक और कानून व्यवस्था पर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

स्मार्ट हलचल



**महवा।** उपखंड मुख्यालय स्थित आईटी केंद्र पर बुधवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, पेयजल, बिजली, ट्रैफिक व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान विधायक ने विभागवार प्रगति रिपोर्ट ली और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि महवा क्षेत्र में करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिनमें से अधिकांश कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। इन सड़कों के बनने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पेयजल और बिजली की समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में संचालित पेयजल योजनाओं की जानकारी ली और जहां समस्या है वहां त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं बिजली आपूर्ति को भी नियमित और सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

विधायक ने तहसील कार्यालय से महत्वपूर्ण दस्तावेज लीक होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार से जवाब तलब किया। साथ ही समय पर राशन कार्ड नहीं बनाए जाने की शिकायतों को लेकर विकास अधिकारी से भी सवाल किए और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान विधायक ने पुलिस अधिकारियों को अवैध शराब, जुआ और नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध कार्यों पर सख्ती से रोक लगाई जाए ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए।

शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए विधायक ने कहा कि तिराहों और चौराहों पर खड़े रहने वाले ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में अनुपस्थित रहने वाले करीब एक दर्जन अधिकारियों को विधायक के निर्देश पर उपखंड अधिकारी मनीषा रेशम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इनमें कृषि उपज मंडी सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी, रसद विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन तथा बिजली विभाग के एक्सईएन शामिल हैं।

बैठक में तहसीलदार पी.आर. मीणा, डीएसपी मनोहर लाल मीणा, थाना अधिकारी राजेंद्र मीणा और विकास अधिकारी सुनील कुमार मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने अंत में अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें और आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें, अन्यथा सरकार को उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

मोबाइल से एक्स-रे दिखाओ जनाब!

## पुष्कर उपजिला अस्पताल में फिल्म गायब, मरीज बोले - फोन नहीं तो इलाज कैसे?

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** तीर्थनगरी पुष्कर के उपजिला अस्पताल की हालत इन दिनों कुछ ऐसी हो गई है कि मरीजों के बीच चर्चा चल पड़ी है– 'भाई साहब, इलाज से पहले स्मार्टफोन होना जरूरी है क्या? '

दरअसल अस्पताल में करीब तीन माह से एक्स-रे की फिल्म ही खत्म पड़ी है। मशीन से एक्स-रे तो हो रहा है, लेकिन मरीज को फिल्म देने के बजाय कहा जा रहा है कि भाई मोबाइल निकालो, फोटो खींचो और डॉक्टर को दिखाओ।

अब सवाल यह है कि जिस गरीब या बुजुर्ग मरीज के पास स्मार्टफोन ही नहीं है, वह क्या करे? क्या वह एक्स-रे दिखाने के लिए पहले बाजार से नया फोन खरीद कर लाए? ग्रामीण इलाकों से आने वाले कई मरीजों को मजबूरी में किसी और के मोबाइल से फोटो खींचनी पड़ती है, और कई लोग तो सीधे निजी लैब की राह पकड़ लेते हैं, जहां जेब ढीली करनी पड़ती है।

मामला यहीं खत्म नहीं होता। अस्पताल में पिछले 7 से 8 माह से सोनोग्राफी सेवा भी बंद पड़ी है, जिससे गर्भवती महिलाओं सहित कई मरीजों को निजी जांच केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

सरकार ने अस्पताल को उपजिला अस्पताल का तमगा तो दे दिया, मगर जमीनी हालत देखकर लोग तंज कस रहे हैं कि 'जनाब, सुविधाओं के नाम पर तो यह अस्पताल अब पीएचसी से भी पीछे चलता दिख रहा है। '

पूरे मामले में अस्पताल प्रभारी का कहना है कि एक्स-रे फिल्म के लिए आगे डिमांड भेज दी गई है और जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। हालांकि मरीजों और स्थानीय लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द एक्स-रे फिल्म और सोनोग्राफी सेवा शुरू करवाई जाए, ताकि इलाज के लिए मोबाइल या निजी लैब का सहारा न लेना पड़े।

## खनन माफिया के हौसले बुलंद

तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं पत्थरों से भरे ट्रैक्टर



स्मार्ट हलचल | बांदीकुई

बसवा थाना अन्तर्गत पंडितपुरा गांव में तेज रफ्तार से दौड़ रहे पत्थरों से भरे ट्रैक्टरों के कारण हादसे का खतरा बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार पत्थरों से भरी ट्रॉली अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर पलट गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। ट्रॉली पलटते ही चालक ने आनन-फानन में ट्रैक्टर को ट्रॉली से अलग किया और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद सड़क पर पत्थर बिखर गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पत्थर परिवहन करने वाले ट्रैक्टर अक्सर ओवरलोड और तेज रफ्तार में चलते हैं, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलने पर बसवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रैक्टरों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता हैं।

## लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने से परेशान सामाजिक अंकेक्षण दल, सरकार से बकाया भुगतान की मांग

भुगतान अटका तो बढ़ा सोशल ऑडिट का बहिष्कार, अंकेक्षण दलों ने 181 पर दर्ज कराई शिकायत

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में ग्राम पंचायतों में विभिन्न सरकारी योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण करने वाले अंकेक्षण दल लंबे समय से अपने मानदेय भुगतान के लिए इंतजार कर रहे हैं। भुगतान नहीं होने से इन दलों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशान होकर राजस्थान के विभिन्न जिलों के अंकेक्षण दलों ने बुधवार को 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई और बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित संबंधित अधिकारियों को ई-मेल भेजकर बकाया भुगतान करवाने की मांग की।

ग्राम पंचायतों में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का हर छह माह में सामाजिक अंकेक्षण किया जाता है। लेकिन अंकेक्षण टीमों को लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण राज्य में कई स्थानों पर सोशल ऑडिट निरस्त होने के मामले भी सामने आने लगे हैं।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत कार्यरत Social Audit Accountability and Transparency Society की जिम्मेदारी है कि वह राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में तय समय पर सोशल ऑडिट करवाए। इसके लिए विभाग द्वारा छह सदस्यीय टीम नियुक्त की जाती है, जिसमें एक ब्लॉक संसाधन व्यक्ति (बीआरपी) और पांच ग्राम संसाधन व्यक्ति (वीआरपी) शामिल होते हैं। Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act सहित कई योजनाओं की निगरानी के लिए यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जाती है।

नियमों के अनुसार बीआरपी को 500 रुपये और वीआरपी को 300 रुपये प्रति कार्य दिवस मानदेय दिया जाता है। यह टीम संबंधित ग्राम पंचायत में जाकर रिकॉर्ड की जांच, कार्यों का भौतिक सत्यापन और पाई गई अनियमितताओं की रिपोर्ट ग्राम सभा में प्रस्तुत करती है।

अंकेक्षण दल के सदस्यों का कहना है कि कई लोगों को वर्ष 2023 से अब तक किए गए सोशल ऑडिट का भुगतान नहीं मिला है। शिकायत करने पर केवल आश्वासन ही मिलता है। भुगतान नहीं मिलने से कई स्थानों पर अंकेक्षण दल सोशल ऑडिट का बहिष्कार भी करने लगे हैं। इस संबंध में अंकेक्षण दलों के संगठन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नरेगा आयुक्त, मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, स्र्' निदेशक और संबंधित जिला कलेक्टरों को कई बार ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है।

सामाजिक अंकेक्षण बीआरपी संघ राजस्थान के प्रदेश सचिव रणजीत सिंह केशावत ने बताया कि विभाग और सरकार द्वारा समय पर भुगतान नहीं किए जाने से अंकेक्षण दल के साथियों को गंभीर आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द बकाया भुगतान जारी करने की मांग की है।

## महिलाओं ने की शीतला माता की पूजा, ठंडा का भोग लगाया

महिलाओं सहित परिवार में सभी ने ठंडा खाया

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में पवित्र पुष्कर सरोवर के घाट चीर घाट पर महिलाओं ने शीतला माता की पूजा अर्चना की एवं ठडे का भोग लगाकर , परिवार में सभी ने ठंडा खाया । पूर्व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया ।

पुष्कर की ही छोटी बस्ती में महादेव चौक में शीतला माता के मंदिर में पूजा अर्चना की । वहीं नगर में बनी विभिन्न कालोनियों में शीतला माता की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ की गई । आईडीएसएमटी कालोनी में भी



भजन संध्या का कार्यक्रम मोहन भील एंड पार्टी द्वारा रात भर भजन गाकर शंमा बाँध दी। मंदिर में भव्य सजावट की गई । यहाँ देखा गया महिलाएँ क़तार लगा कर एक के बाद एक पूजा कर रही थी। जिससे किसी प्रकार की धक्का मुक्की नहीं हुई।

## अजमेर-सांतरागाछी विशेष ट्रेन का मार्ग परिवर्तन

स्मार्ट हलचल | कोटा

रांची जंक्शन-लोहरदगा-तोरी रेलखंड में पुल संख्या 115 पर तकनीकी कार्य के कारण कोटा मंडल होकर संचालित अजमेर-सांतरागाछी विशेष ट्रेन को निर्धारित मार्ग के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है। प्रभावित रेल सेवाओं का विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 08612 अजमेर-सांतरागाछी विशेष दिनांक 12.03.2026 एवं 19.03.2026 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग तोरी-बरकाकाना जंक्शन-रामगढ़ कैंट-मुरी जंक्शन होकर संचालित की जाएगी।

2. गाड़ी संख्या 08611 सांतरागाछी-अजमेर विशेष दिनांक 09.03.2026 एवं 16.03.2026 को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुरी जंक्शन-रामगढ़ कैंट-बरकाकाना जंक्शन-तोरी होकर संचालित की जाएगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## अटल जन सेवा शिविर का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार एवं अजमेर जिला कलक्टर के निर्देशानुसार प्रतिमान आयोजित होने वाला गुरुवार को को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4:30 बजे तक अथवा जन सुनवाई पूरी होने तक, आमजन की परिवेदनाओं/समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान हेतु उपखण्ड कार्यालय पुष्कर के सभागार पर 'अटल जन सेवा शिविर' का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। शिविर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थत रहेंगें। समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी राज्य व केन्द्र सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं से अवगत करवाए।

## महिलाओं ने उत्साह से मनाया बासोड़ा पर्व...

### शीतला माता को लगाया ठंडे पकवानों का भोग

स्मार्ट हलचल

**बारां।** जिला मुख्यालय पर बुधवार को महिलाओं द्वारा उत्साह व बद्धा के साथ शीतला अष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की और उन्हें ठंडे पकवानों का भोग लगाया, जिसे स्थानीय भाषा में बासोड़ा भी कहा जाता है। यह लोक पर्व चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। शीतला अष्टमी का पर्व स्वास्थ्य, स्वच्छता और आध्यात्मिक शांति का संदेश देता है। श्रद्धालु महिलाएं परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ माता की पूजा करती हैं। शहर में विभिन्न स्थानों पर शीतला माता मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां महिलाओं ने शीतल पकवानों का नैवेद्य अर्पित किया। महिलाओं ने शीतला अष्टमी पर माता की पूजा कर मंगल कामना की। उन्होंने माता को पूरी, चने, हलवा, पूआ और पकौड़ी का भजे लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।बच्चों को बीमारियों से दूर रखने के लिए और उनकी खुशहाली के लिए इस त्योहार को मनाने की परंपरा बरसों से चली आ रही है। इस दिन माता शीतला को बासी भोजन का भोग लगाने की परंपरा है और स्वयं भी प्रसाद के रूप में बासी भोजन ही करना होता है। नाम के अनुसार ही शीतला माता को शीतल चीजें पसंद हैं। मां शीतला का उल्लेख सर्वप्रथम स्कन्दपुराण में मिलता है। इनका स्वरूप अत्यंत शीतल है और कष्ट-रोग हरने वाली हैं। गधा इनकी सवारी है और हाथों में कलश, सूप, शाडू और नीम के पते हैं। मुख्य रूप से इनको उपासना गर्मी के मौसम में की जाती है।

## कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी खंड में सघन टिकट जांच अभियान

117 मामलों में कार्रवाई, 34,820 रुपये वसूल किए गए

स्मार्ट हलचल | कोटा

पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यात्रियों को बिना टिकट यात्रा तथा अवैध गतिविधियों से रोकने के उद्देश्य से कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी खंड में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों के साथ-साथ रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर भी व्यापक जांच की गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि अभियान के दौरान टिकट जांच दल द्वारा कुल 117 मामलों में कार्रवाई करते हुए 34,820 रुपये का अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना वसूल किया गया। इस कार्रवाई में श्री लक्ष्मीकांत मीना, मुख्य टिकट निरीक्षक; श्री दीपक शर्मा, उप मुख्य टिकट निरीक्षक; श्री हेमेंद्र मीना, मुख्य वाणिज्य टिकट परीक्षक; श्री उमेश कुमार तथा श्री ऋषभ कुमार, मुख्य वाणिज्य टिकट परीक्षक शामिल रहे।

अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा अवैध वेंडरों की भी जांच की गई। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन करें। बिना टिकट यात्रा करने पर नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

## महवा विधानसभा क्षेत्र में दो गुटों बंट रही है कांग्रेस

स्मार्ट हलचल

**महवा।** राजस्थान यूथ कांग्रेस होने जा रहे है जिसमें महवा विधानसभा क्षेत्र में दो धड़ों में कांग्रेस बटती नजर आ रही है इस दौरान महवा विधानसभा अध्यक्ष के लिये कई नाम आये सामने पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुड़ला के गुट से कल्लू ठेकडा और नेता समलेटी का नाम सामने आया और एडवोकेट अजय मीणा का नाम भी है शामिल और अभी तक पूर्व ज़िला प्रमुख अजीत सिंह के गुट से कोई नाम नहीं है चर्चा में यदि पुष्पेन्द्र सांथा का नाम सामने आता है तो महवा में यूथ का चुनाव हो सकता है रोचक पुष्पेन्द्र साँथा कि छात्र संगठन और यूथ में अच्छी पकड़ मानी जाती है 4 साल तक एनएसयूई के अध्यक्ष रह चुके है पुष्पेन्द्र लेकिन कुछ समय से संगठन से दूरी बनाये हुए है वहीं पिछले दस सालों से पार्टी के लिए काम करते आ रहे हैं वहीं सभी भावी अध्यक्ष अपनी अपनी प्रवल दावेदारी दिखाने में अपनी दम-खम लगा रहे हैं ।

बाकी अभी नामांकन प्रक्रिया के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## दलित युवक तरुण खटीक की हत्या पर सर्व समाज में आक्रोश, दोषियों को फांसी देने की मांग

सर्व समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** दिल्ली के उत्तम नगर जे.जे. कॉलोनी क्षेत्र में होली के पर्व पर एक मुस्लिम महिला के रंग के छीटे लगने पर और हिंदू परिवार द्वारा माफी मांगने पर भी मुस्लिम महिला के परिवार द्वारा और मुस्लिम समाज के व्यक्तियों द्वारा पत्थरों व अन्य धारदार हथियार से 26 वर्षीय युवक तरुण बुटोलिया (खटीक) की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर सर्व समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में सर्व समाज व विभिन्न



सामाजिक संगठनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।26 वर्षीय युवक तरुण बुटोलिया की उत्तम नगर क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई।होली जैसे पावन पर्व पर दलित युवक की इस तरह निर्मम हत्या की घटना ने पूरे हिंदू समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और समाज में भय तथा आक्रोश का माहौल पैदा कर रही है। सर्व समाज ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से दोषियों के खिलाफ त्वरित उचित कार्रवाई कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। दोषियों के परिवार को सभी सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाने की मांग की है। ज्ञापन देते वक्त सर्व समाज के रघुराज सिंह, पवन शर्मा, रतनलाल नामा, मुकेश, मनोहर, राजेश, दिलराज,आशुतोष, शर्मा, शशिकांत सोनी, गोविंद नामा, शंकर साहू सहित सर्व सामाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एकमुश्त ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 31 मार्च 2026 तक

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 में प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के पात्र ऋणियों के लिए अच्छा अवसर है। योजना के तहत पहले निर्धारित अवधि में जिन किसानों और ऋणी सदस्यों ने राहत का लाभ नहीं लिया है उन्हें 31 मार्च 2026 तक अंतिम मौका दिया गया है।

सहकारी भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रेवा शंकर गायरी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से इस योजनांतर्गत प्राथमिक बैंक उदयपुर ने 220 किसानों के द्वारा नकद राशि 197.82 लाख रूपए जमा कराने पर 277.14 लाख की छूट राशि प्रदान की गई है। कुल राशि 474.96 करोड़ जमा हुई है। सचिव कौटिल्य भट्ट ने बैंक के सभी अवधिपार ऋणियों से आग्रह किया है कि अंतिम तिथि 31 मार्च से पहले योजनान्तर्गत राशि जमा करवाकर अपनी भूमि पर से दर्ज रहन हटाकर अविलम्ब ऋण मुक्त हो सकते हैं। यदि किसी ऋणी द्वारा योजना का लाभ नहीं लिया जाता है तो अन्य सहकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है। इसके साथ ही उनके क्रेडिट स्कोर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जिससे भविष्य में ऋण भी नहीं ले सकेंगे।

## केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और महंगाई के खिलाफ होगा विशाल धरना-प्रदर्शन

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आह्वान पर ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में चांगगेट पर जुटेंगे कांग्रेसजन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार, केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाई गई बेतहाशा महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा डालने के विरोध में ब्यावर ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

यह विरोध प्रदर्शन 13 मार्च, 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 10:30 बजे शहर के मुख्य केंद्र चांगगेट पर ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित होगा।

मुख्य मुद्दे जिन पर केंद्रित होगा प्रदर्शनः रसोई गैस में भारी वृद्धिः घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 प्रति सिलेंडर की हालिया बढ़ोतरी से आम जनता की कमर टूट गई है।

व्यावसायिक गैस संकटः शादी-विवाह और सामाजिक समारोहों के सीजन के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित की गई है, जिससे सामाजिक कार्यों में भारी कठिनाई आ रही है।

विफल विदेश नीतिः इज़राइल, अमेरिका और ईरान के मध्य जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ईंधन संकट को रोकने और खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने में पूरी तरह विफल रही है। आर्थिक बोझः आमजन पर लगातार महंगाई का बोझ लादकर केंद्र सरकार अपनी अकर्मण्यता को छिपा रही है।

ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने देश में ईंधन का संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने ज़िले के पूर्व मंत्रियों (राजस्थान सरकार), विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ कांग्रेसजनो, पीसीसी पदाधिकारियों, डीसीसी पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, अग्रिम संगठनों के ज़िला अध्यक्षों कार्यकारिणी सहित, निकाय सभापति, पूर्व सभापति, पार्षद, पूर्व पार्षद, प्रधान, पूर्व प्रधान, सरपंच, पूर्व सरपंच, वार्ड पंच, पंचायत समिति सदस्य पूर्व सदस्य एवं सभी कांग्रेसजनो से और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में चांगगेट पहुंचकर इस लोकतांत्रिक विरोध को सफल बनाएं।

## सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में भरा लाखों का मायरा

स्मार्ट हलचल

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस थाने के स्टाफ ने यह साबित कर दिया कि वर्दी सिर्फ कानून की नहीं, बल्कि इंसानियत और करूणा की भी पहचान होती है। पुलिस का एक अनोखा रूप देखने को मिला, जहां नारायणपुर थाना पुलिस ने पुलिस थाने में सफाई कर्मचारी ललिता की दो बेटी संजू और अंजू की शादी में पुलिसकर्मियों ने लाखों रुपए का मायरा भरा।

सफाई कर्मचारी ललिता की बेटी की शादी थी, लेकिन ललिता का कोई भाई नहीं था। इसको लेकर नारायणपुर थाना पुलिस के जवान व अधिकारी बेटी के मामा बनकर मायरा भरने के लिए पहुंचे और बेटी का लाखों रुपए का मायरा भरा।पुलिस अधिकारियों व जवानों ने मायरे में 1 लाख 60 हजार रुपए, दो सिलाई



मशीन, माता-पिता सहित परिवारजनों के कपड़े दिए गए। इस पहल की सराहना करते हुए बानसूर डीएसपी मेघा गोयल ने कहा कि पुलिस का यह रूप समाज के लिए एक प्रेरणा है।वहीं थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि विभाग में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी परिवार का हिस्सा है। ऐसे अवसरों पर उनके साथ खड़ा होना एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

# नो स्मोकिंग डे: निकोटीन का जहर और समाज का मौन संकट



योगेश कुमार गोयल

**तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं।**

धूम्रपान मुक्त पीढ़ी ही है स्वस्थ भविष्य की बुनियाद...

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरूआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरूआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है।




तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है।

तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है।

धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक ह्यमौत को खुला निमंत्रणह्व प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है।

बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरूआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

## संपादकीय

### संसद के दूसरे चरण में सरकार की मुश्किल

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू हुआ और पहले दिन ही मोदी सरकार विपक्ष के सवालों से बुरी तरह घिर गई। इस बात का अनुमान पहले से था कि सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी सरकार को कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा और यह अंदाज भी था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर खुद सामने न आकर अपने मंत्रियों को आगे करेंगे। ऐसा ही हुआ भी। सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान में चल रहे युद्ध और इस वजह से मध्यपूर्व में आए अभूतपूर्व संकट पर बयान दिए। लेकिन इस बयान में एक चयनित रूझान दिखा। सरकार ने केवल उन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसमें उसे सुविधा हो, और असुविधाजनक बातों को बड़ी चतुराई से किनारे कर दिया गया। जैसे हजारों बरसों से जिस ईरान के साथ भारत के संबंध रहे हैं, उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर संवेदना का एक लफ्ज सरकार ने सदन में नहीं कहा, हालांकि खामेनेई की मौत के छह दिन बाद जाकर विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास में शोक संदेश लिखा। ईरान पर हमले की निंदा भारत सरकार ने नहीं की। हिंद महासागर में जिस ईरानी युद्धपोत पर हमला कर अमेरिका ने सौ से ज्यादा नौसैनिकों की जान ले ली, उस पर भी भारत सरकार ने ऐतराज नहीं जताया, जबकि ये नौसैनिक भारत के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास से लौट रहे थे। अमेरिका और इजरायल ने भारतीय मेहमानों की जान ली और मोदी सरकार इस पर भी चुप रही, इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती। कायदे से सरकार को ईरान युद्ध और उसके प्रभाव की पूरी तस्वीर संसद में पेश करनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने आधी-अधूरी बात की और उस पर तुर्रा यह कि विपक्ष सवाल पूछे तो उसे गैरजिम्मेदाराना कहा जाए। बता दें कि विपक्ष ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में युद्ध और उसके समेकित प्रभाव से जुड़े सवाल सरकार से पूछने की मांग की, मगर इस मांग को लगातार नकारा गया, नतीजा यह हुआ कि राज्यसभा से विपक्ष ने बहिर्गमन किया। इसके लिए भी सरकार ने विपक्ष को ही दोषी ठहराया। इससे पहले जब राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी बात रखी तो सत्ता पक्ष की तरफ से लगातार हल्ला किया गया। हालांकि फिर भी खड़गे जी ने मांग रखी कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर उभरती चुनौतियों पर अल्पकालिक चर्चा हो। उन्होंने कहा, 'यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है; इसने अब भारत की ऊर्जा सुरक्षा और देश की छवि को प्रभावित किया है। इस संघर्ष के परिणाम हमारी आर्थिक स्थिरता पर भी असर डालेंगे।' उन्होंने खाना बनाने के गैस की कीमतों में वृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर प्रभाव का जिक्र किया। यही बातें लोकसभा में भी विपक्ष उठाना चाह रहा था लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। जबकि यह हकीकत है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला और उस पर ईरान के पलटवार का खामियाजा केवल खाड़ी देश ही नहीं भारत भी उठा रहा है। इस इलाके में कम से कम एक करोड़ भारतीय रहते हैं, जिसमें अभी 67 हजार ही वापस आए हैं।

## चिंतन-मनन

### इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्त्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है। आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है। पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही। जिमूतवाहन व्रत में भी इसी तरह की एक कथा का उल्लेख मिलता है।

# तीन साल में तीन आईसीसी ट्रॉफी: भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम दौर और खिलाड़ियों की मेहनत का ऐतिहासिक फल



कांतिलाल मांडोत

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल भारतीय क्रिकेट के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने केवल एक टूर्नामेंट नहीं जीता, बल्कि लगातार सफलता की ऐसी कहानी लिखी जिसने दुनिया को भारतीय क्रिकेट की ताकत का एहसास करा दिया। पिछले तीन वर्षों में तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतना इस बात का प्रमाण है कि टीम इंडिया ने निरंतरता, आत्मविश्वास और सामूहिक मेहनत से सफलता का नया अध्याय रचा है।

भारत की इस शानदार जीत में बल्लेबाजों से लेकर गेंदबाजों तक सभी खिलाड़ियों का योगदान रहा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। इतने बड़े लक्ष्य के सामने न्यूजीलैंड की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम 159 रन पर ही सिमट गई। इस प्रकार भारत ने न केवल जीत दर्ज की बल्कि टी-20 क्रिकेट में अपनी आक्रामक शैली का शानदार प्रदर्शन भी किया।

इस ऐतिहासिक जीत का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि भारत ने तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां जीतने का कारनामा किया है। वर्ष 2024 में भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर लगभग 17 वर्षों बाद इस खिताब को अपने नाम किया था। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टीम ने अपनी लय बरकरार रखी और अब 2026 में फिर से टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया। लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारत पहली टीम बन गई है और यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम दौर को दशार्ती है।

टीम इंडिया की सफलता के पीछे केवल प्रतिभा नहीं बल्कि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और टीम भावना भी है। इस टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों ने जिस आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, उसने विरोधी टीमों के गेंदबाजों को लगातार दबाव में रखा। पूरे टूर्नामेंट में भारत ने 106 छक्के लगाए, जो किसी भी टी-20 वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सबसे अधिक हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि भारतीय टीम अब केवल तकनीकी रूप से मजबूत ही नहीं बल्कि आक्रामक क्रिकेट खेलने में भी सबसे आगे है।

इस शानदार प्रदर्शन में सबसे बड़ा योगदान रहा भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का। संजू सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में 321 रन बनाए और भारत के लिए एक टी-20 वर्ल्ड कप संस्करण में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 2014 में 319 रन बनाए थे। संजू की बल्लेबाजी में आत्मविश्वास, आक्रामकता और जिम्मेदारी का अद्भुत संतुलन दिखाई दिया, जिसने भारत को कई कठिन मैचों में जीत दिलाई।

संजू सैमसन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने बड़े मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल और फाइनल जैसे दबाव भरे मुकाबलों में भी उन्होंने अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पूरे टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 के आसपास रहा, जो टी-20 क्रिकेट के लिए बेहद प्रभावशाली माना जाता है। उनके इस शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

भारतीय टीम की बल्लेबाजी में इंसान किशन और अभिषेक शर्मा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईशान किशन ने पूरे टूर्नामेंट में 317 रन बनाए और कई मैचों में तेज शुरूआत देकर टीम को मजबूत आधार दिया। वहीं अभिषेक शर्मा ने फाइनल में केवल 18 गेंदों में अर्धशतक लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरी तरह से दबाव में ला दिया।




टीम इंडिया की गेंदबाजी भी इस टूनार्मेंट में उतनी ही प्रभावशाली रही। भारतीय तेज गेंदबाज जशप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूनार्मेंट में सबसे अधिक विकेट हासिल किए। फाइनल मैच में उन्होंने केवल 15 रन देकर 4 विकेट लिए और न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनकी सटीक लाइन-लेंथ और दबाव में शानदार गेंदबाजी ने भारत की जीत को आसान बना दिया। यही कारण है कि उन्हें फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया।

भारतीय टीम की सफलता में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का योगदान भी बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक ने 200 से अधिक रन बनाए और साथ ही महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किए। सेमीफाइनल में उनके ऑलराउंड प्रदर्शन ने भारत को इंग्लैंड के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाई, जिसने टीम का आत्मविश्वास और भी मजबूत कर दिया।

फाइनल मुकाबले में शिवम दुबे की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी भी बेहद अहम साबित हुई। जब भारत की पारी थोड़ी धीमी पड़ती दिखाई दे रही थी, तब शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में तेज रन बनाकर टीम का स्कोर 255 तक पहुंचा दिया। उनकी केवल 8 गेंदों में 26 रन की पारी ने न्यूजीलैंड के सामने बेहद मुश्किल लक्ष्य खड़ा कर दिया।

इस पूरी सफलता के पीछे टीम के कोच गौतम गम्भीर की रणनीति और मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। गंभीर पहले खिलाड़ी के रूप में बड़े फाइनल मैचों में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और अब कोच के रूप में भी उन्होंने टीम को सफलता दिलाई है। उनकी सोच, रणनीति और खिलाड़ियों पर विश्वास ने टीम को लगातार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

भारतीय टीम की इस जीत ने पूरे देश में उत्साह और गर्व का माहौल बना दिया। जीत के बाद देशभर में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। कई जगहों पर आतिशबाजी हुई और लोग तिरंगा लेकर खुशी से झूमते नजर आए। यह जीत केवल खिलाड़ियों की नहीं बल्कि पूरे देश की जीत बन गई।

दरअसल, खेल केवल प्रतिभा का नहीं बल्कि मेहनत, धैर्य और टीम भावना का परिणाम होता है। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास, फिटनेस और मानसिक मजबूती के साथ खुद को तैयार किया और कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। यही कारण है कि उनकी मेहनत का फल अब लगातार जीत के रूप में सामने आ रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा का प्रतीक है। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी कि अगर मेहनत, समर्पण और टीमवर्क के साथ खेला जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

भारतीय क्रिकेट टीम ने इस जीत के साथ दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि वह केवल मजबूत टीम ही नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट की नई शक्ति बन चुकी है। खिलाड़ियों की मेहनत, कोच की रणनीति और करोड़ों भारतीयों के समर्थन ने मिलकर यह ऐतिहासिक सफलता संभव बनाई है। यही कारण है कि आज हर भारतीय गर्व से कह सकता है कि यह जीत मेहनत, विश्वास और सपनों की जीत है।

(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# ईरान- भारत का मित्र या शत्रु ?



सौरभ वार्ष्णेय

अमेरिका -इजरायल-ईरान के बीच युद्व चल रहा है। ऐसे में देश के अंदर बहस छिड़ी हुई है कि ईरान का विरोध किया जाए या समर्थन । वहीं देश में ईरान के मृत पूर्व लीडर अली खामेनेई की तस्वीर लेकर एक वर्ग समुदाय अपना दुख प्रगट कर रहा है। ऐसे में भारत ने भी ईरान के दूतावास जाकर कुछ दिन बाद जाकर अपनी श्रंद्वाजलि दुख प्रगट कर आया है। भारत और ईरान के संबंधों को यदि सरल शब्दों में समझा जाए, तो यह कहना अधिक उचित होगा कि ईरान न तो भारत का शत्रु है और न ही पारंपरिक अर्थों में सैन्य सहयोगी मित्र। बल्कि दोनों देशों के संबंध हितों, इतिहास और कूटनीति पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं। ईरान भारत का शत्रु नहीं है, लेकिन पारंपरिक सैन्य मित्र भी नहीं है। वहीं संसद में भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्पष्ट कर दिया कि हमारी सरकार की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर जारी है ताकि वर्तमान हालात पर नियंत्रण रहें। लेकिन सरकार अभी तक यह नहीं बता पाई कि इस युद्व के पनपने वाली मंहगाई से कैसे निपटेगी। वर्तमान में कर्मशियल गैस पर अंकुश लग चुका है। घरेलू गैस पर संकट न आये तो सरका र क्या क्या कार्य रही है।

अगर हम ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध के बारे में पड़ताल करें तो पायेंगे कि भारत और ईरान के संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। प्राचीन काल से ही दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार, संस्कृति और भाषा का आदान-प्रदान होता आया है। फारसी भाषा का प्रभाव भी मध्यकालीन भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक परंपराओं में भी दिखाई देता है। हमें ईतिहास में जाकर यह भी भूलना न होगा कि संघर्ष भी हुए, जैसे 1739 में ईरानी शासक नाडेर शाह ने भारत पर आक्रमण कर बैटल ऑफ करनाल में मुगलों को हराया था। लेकिन आधुनिक दौर में दोनों देशों के संबंध मुख्यतः सहयोग और कूटनीति पर आधारित रहे हैं।

अगर हम ऊर्जा और व्यापार में साझेदारी की बात करें तो भारत एक बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है और ईरान तेल-गैस का बड़ा स्त्रोत रहा है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ईरान महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी संदर्भ में भारत ने ईरान के चाबाहार पोर्ट के विकास में निवेश किया है, जिससे भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच मिलती है और पाकिस्तान को बाईपास करने का रास्ता मिलता है।

ज्ञात रहे कि भारत -ईरान का रणनीतिक सहयोग रहा है और भारत और ईरान कई क्षेत्रों में सहयोग करते आये हैं। जैसे कि आतंकवाद और ड्रग तस्करी के खिलाफ सहयोग। अफगानिस्तान की स्थिरता में साझा हित, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाएं सहित अन्य कारणों से ईरान भारत के लिए रणनीतिक रूप से उपयोगी साझेदार माना जाता रहा है।

आज की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की नीति स्पष्ट है कि सभी देशों से संबंध रखना। किसी एक गुट में पूरी तरह शामिल न होना। अपने राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देना। इसलिए ईरान-इजरायल या ईरान-अमेरिका तनाव में भारत अक्सर तटस्थ रुख अपनाता है और शांति की अपील करता है।

वहीं पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या ईरान भारत का मित्र है या शत्रु। दरअसल अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रिश्ते स्थायी दोस्ती या दुश्मनी के आधार पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। भारत और ईरान के संबंध भी इसी सिद्धांत पर चलते रहे हैं।



पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान लंबे समय से एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हाल के वर्षों में क्षेत्रीय संघर्ष, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के कारण ईरान वैश्विक चर्चा के केंद्र में बना हुआ है। खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ उसके तनावपूर्ण संबंधों ने पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान की विदेश नीति हमेशा से पश्चिमी देशों के प्रभाव का विरोध करने वाली रही है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका और ईरान के रिश्तों में कड़वाहट बनी हुई है। अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है, लेकिन इसके बावजूद ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखने की कोशिश जारी रखी है।इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव भी वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध की स्थिति न होते हुए भी छद्म युद्ध और सैन्य गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। यदि यह तनाव खुली लड़ाई में बदलता है तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी पड़ेगा। भारत के लिए भी ईरान का महत्व कम नहीं है। भारत और ईरान के बीच ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक सहयोग के संबंध रहे हैं। विशेष रूप से चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। हालांकि अमेरिका के प्रतिबंधों के कारण भारत को ईरान के साथ अपने संबंधों में संतुलन बनाए रखना पड़ता है। आज के समय में आवश्यकता इस बात की है कि ईरान और पश्चिमी देशों के बीच संवाद और कूटनीति को बढ़ावा दिया जाए। युद्ध और टकराव किसी भी समस्या का समाधान नहीं होते। यदि कूटनीतिक प्रयास सफल होते हैं तो न केवल पश्चिम एशिया में शांति स्थापित हो सकती है, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता भी मजबूत हो सकती है।



# कला, संस्कृति और शिक्षा का संगम आयरलैंड

योरप के पश्चिमी छोर पर स्थित नन्हा-सा देश रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड जहां अपने सुदीर्घ इतिहास और कला-संस्कृति के लिए जाना जाता है, वहीं शिक्षा के लिहाज से भी यह विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। आयरलैंड की कला और संस्कृति को योरप क्या, संपूर्ण विश्व में आदर के साथ देखा जाता है। बड़े-बड़े साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में यहां के जीवन, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति एवं सभ्यता का बखूबी बखान किया है। आयरिश संगीत एवं नृत्य को भला कौन नहीं जानता! यहां के प्राचीन किले वास्तुकला का बखान करते हैं।

आयरलैंड को उसकी उन्नात शिक्षा प्रणाली के लिए भी जाना जाता है। दीर्घकाल से यहां विदेशी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही है। यहां सरकारी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के अलावा बड़ी संख्या में गैर–सरकारी कॉलेज एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूट मौजूद हैं। डबलिन का ट्रिनिटी कॉलेज आयरलैंड का प्राचीनतम विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1592 में की गई थी।

## शोध में शीर्ष पर


विश्व के सभी देशों में आज शोध कार्यों को वरीयता दी जा रही है। आयरलैंड भी इससे अछूता नहीं है। शोध कार्यों को यहां प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षण संस्थानों का प्रयास रहता है कि इस काम में किसी भी तरह की अड़चन न आए। यहां से शोध कार्य करके निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष मुकाम हासिल करने में सफल हुए हैं। आयरलैंड के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करके अपने आप को शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा में बनाए रखना होता है।

## विषयों की बहुलता

आयरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के सामने विषय का चयन कोई आसान काम नहीं है। विषयों की अधिकता और सभी में उत्कृष्ट शिक्षा उन्हें अनेक विकल्प उपलब्ध कराती है। मसलन, आयरलैंड और साहित्य के बीच गहरा नाता है। यहां का लगभग प्रत्येक नागरिक कहीं–न–कहीं साहित्य के प्रति गहरी आस्था रखता है। यहां के कई साहित्यकारों ने विश्व साहित्य पर अपनी छाप छोड़ी है। विदेशी विद्यार्थी हों या स्थानीय, दोनों ही लिटरेचर कोर्सेस में खासी दिलचस्पी दिखाते हैं। आयरलैंड ने एक ओर जहां आधुनिक तकनीक को अपनाया है, वहीं अपनी प्राचीन परंपराओं को भी सहेजकर रखा है। शिक्षण संस्थानों में गौरवशाली प्राचीन संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं हर आधुनिक तकनीक विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाती है। यहां के समस्त शिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर एजुकेशन पर विशेष जोर दिया जाता है। साहित्य एवं टेक्नोलॉजी तो स्थानीय एवं विदेशी विद्यार्थियों की वरीयता सूची में हैं ही, लेकिन अब कम्यूनिकेशन और इतिहास विषय भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। इन विषयों में विद्यार्थियों को आधुनिकतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

## अन्य सुविधाएं

अगर आप आयरलैंड में पढ़ाई के साथ–साथ काम भी करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको उस संस्थान की अनुमति लेनी होगी, जहां आपने प्रवेश लिया है। निर्धारित नियमों के अंतर्गत सोच–विचार करके आपको सप्ताह में कुछ घंटे तक जॉब करने की अनुमति मिल सकती है।






# यूं बढ़ रही है स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग

**आज भारतीय उपभोक्ताओं के पास हर उत्पाद के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, क्योंकि हर कंपनी अपने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिए ग्राहक को आकर्षित करने की कोशिश करती है। इस पूरी प्रक्रिया में ब्रांडिंग की बड़ी भूमिका होती है।**

उपभोक्ता के मन में एक प्रोडक्ट की स्थायी जगह बनाने में ब्रांडिंग का बड़ा हाथ होता है। हर बड़ी कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज को बाजार में प्रमोट करने के लिए ब्रांड मैनेजर्स को हायर करती है। ब्रांडिंग प्रक्रिया में नए उत्पाद के लॉन्च होने से लेकर उसे उपभोक्ता की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाने तक की रणनीति शामिल होती है। हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज की ब्रांडिंग के लिए ऐसे लोगों को हायर करना चाहती है, जिनके पास प्रमोशन के विभिन्न आइडियाज हों। अगर आप भी इस तरह के करियर ऑप्शन की तलाश में हैं, तो ब्रांड मैनेजमेंट आपके लिए आदर्श करियर बन सकता है।

## कैसे करें शुरूआत?

ब्रांड मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आप ग्रेजुएशन के बाद ब्रांड मैनेजमेंट से एमबीए करके स्पेशलाइजेशन हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा एमबीए–मार्केटिंग से स्पेशलाइजेशन करके इस करियर को शुरू किया जा सकता है।

## करियर की संभावनाएं

ब्रांड मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद फ्रेशर्स को एंट्री लेवल पर असिस्टेंट ब्रांड मैनेजर की जॉब मिल सकती है। अपने अच्छे आइडियाज, परफॉर्मेंस और इनोवेशन से उम्मीदवार मिड लेवल तक पहुंच सकते हैं यानी ब्रांड मैनेजर बन सकते हैं।

## किस एरिया में जॉब?

प्रतिभाशाली और स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग फार्मास्यूटिकल, मोबाइल, इंश्योरेंस, हेल्थकेयर कंपनियों, मीडिया हाउसेस, ऑटोमोबाइल कंपनीज वगैरह में काफी है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की ब्रांडिंग आकर्षक तरीके से करनी चाहती है।

## कितना पैकेज?

इस इंडस्ट्री में फ्रेशर्स का स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज तीन से साढ़े तीन लाख प्रति वर्ष हो सकता है। सैलेरी पैकेज इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कौन–से संस्थान में और किस शहर में काम कर रहे हैं।

## ये गुण जरूरी

ब्रांड मैनेजर बनने के लिए एक व्यक्ति को न मोटिवेटेड और बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहना जरूरी होता है।

- अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स होनी चाहिए।
- सुपरविजन, प्रॉब्लम सॉल्विंग और प्लानिंग स्किल्स में भी आगे होने चाहिए।
- उम्मीदवार किस तरह के आइडियाज के साथ प्रोडक्ट की ब्रांडिंग कितने क्रिएटिव तरीके से करते हैं और उसका कैसा रिस्पांस मिलता है, यह भी बहुत मायने रखता है।






# दवा मार्केटिंग के मास्टर



**फार्मास्युटिकल उद्योग तेजी से बढ़ने वाले उद्योगों में से एक है। शानदार ग्रोथ की वजह से इसमें नौकरियां भी तेजी से बढ़ी हैं। अगर आप साइंस बैकग्राउंड के हैं और सेल्स तथा कस्टमर को मैनेज करने का हुनर रखते हैं, तो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में करियर की बेहतरीन शुरूआत कर सकते हैं। भारत का फार्मा सेक्टर 13-14 फीसदी सालाना की दर से ग्रो कर रहा है। मेडिकल फील्ड में हो रही गतिविधियों के कारण मेडिसिन मार्केट भी कमर्शियल रूप से काफी आगे बढ़ रहा है। एफडीआई के बाद से इसमें और विस्तार होने की उम्मीद की जा रही है। कई विदेशी कंपनियां अपने उत्पादों का पेटेंट कराकर भारत में कारोबार करने आ रही हैं। इससे घरेलू फार्मा इंडस्ट्री और तेजी से विकसित हो रही है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में इस फील्ड में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के लिए जॉब्स की कमी नहीं होगी।**

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स फार्मास्युटिकल कंपनीज और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के बीच की कड़ी होते हैं। वे उत्पादों को एक रणनीति के साथ बाजार में प्रमोट करते हैं। वन–टु–वन के अलावा वे ग्रुप इवेंट्स ऑर्गेनाइज कर दवाइयों के प्रति जागरूक करते हैं। फार्मास्युटिकल कंपनीज मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को नियुक्त करती हैं, ताकि वे कस्टमर्स और डॉक्टर्स को अपने प्रोडक्ट की उपयोगिता के प्रति संतुष्ट कर सकें। इस तरह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दवाइयों की मार्केटिंग में एक अहम भूमिका निभाते हैं। अलग–अलग दवा कंपनियां अपने यहां नियुक्ति के बाद कैंडिडेट्स को स्पेशल स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देती हैं। उन्हें एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, सेल्समैनशिप की ट्रेनिंग के अलावा डॉक्टर्स की प्रोफाइल, उत्पादों की जानकारी और फील्ड ट्रेनिंग दी जाती है, जिसके तहत सैलिंग टेक्नीक्स बताई जाती हैं। फील्ड ट्रेनिंग के दौरान फ्रैश ग्रेजुएट्स को किसी सीनियर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अधीन काम करना होता है।

## जरूरी स्किल्स

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बनने के लिए आपके पास मेडिकल फील्ड, मैनेजमेंट और मेडिसिन की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। आपको मानव शरीर और दवा में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक तत्वों की भी जानकारी रखनी होगी। ऐसे में आपके पास कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ–साथ अंग्रेजी–हिंदी की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इस फील्ड में काम के कोई तय घंटे नहीं होते हैं, इसलिए आपको इसके लिए पहले से तैयार रहना होगा। खुद को फिजिकली भी फिट रखना होगा।

## एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन

फार्मा बिजनेस मैनेजमेंट में बीबीए या एमबीए, फार्मास्युटिकल एंड हेल्थकेयर मार्केटिंग में पीजी डिप्लोमा, फार्मा मार्केटिंग में डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स करने के बाद आप इस फील्ड में आगे बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, सेलिंग और मार्केटिंग की स्किल रखने वाले साइंस ग्रेजुएट्स भी एंट्री ले सकते हैं। आज कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। कुछ संस्थानों में फार्मा बिजनेस मार्केटिंग से संबंधित कोर्स भी शुरू हो चुके हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के लिए आपको साइंस के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स के पास बीएससी, बीफार्मा की डिग्री होनी चाहिए। 12वीं (मैथ्स और बायोलॉजी) के बाद बीबीए (फार्मा बिजनेस) में दाखिला लिया जा सकता है।

## सैलरी पैकेज

सामान्य तौर पर शुरूआती वेतन 10 से 20 हजार रुपए तक होता है लेकिन अनुभव के आधार पर आमदनी में इजाफा होता रहता है। कुछ अनुभव हासिल करने के बाद 30 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। पांच या सात साल के अनुभव के बाद वेतन लाखों में हो सकता है। इसके अलावा, आपके परफॉर्मेंस के आधार पर समय–समय पर इंसेंटिव सहित कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं। सेल्स टारगेट अचीव करने वालों को कई बार ब्रांड मैनेजमेंट जैसी जिम्मेदारी तक सौंप दी जाती है। इससे आपकी आमदनी बढ़ने के साथ–साथ मार्केट में एक अलग पहचान बनती है।

## तरक्की की संभावनाएं

सेल्स परफॉर्मेंस और कस्टमर्स को मैनेज करने का हुनर रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव फार्मास्युटिकल मार्केटिंग में शानदार करियर बना सकते हैं। जो लोग कंपनी के टारगेट को समय–समय पर अचीव करते चलते हैं, उन्हें प्रमोशन मिलने में भी देर नहीं लगती है। आप एरिया मैनेजर, रीजनल या जोनल मैनेजर, डिवीजनल सेल्स मैनेजर, डिवीजनल कंट्रोलर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर के अलावा मार्केटिंग मैनेजर के रूप में प्रमोशन पा सकते हैं। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अलावा, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, प्रोडक्ट एग्जीक्यूटिव, बिजनेस एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करने का पूरा अवसर है। एमबीए या फार्मेसी की डिग्री रखने वाले एरिया मैनेजर, सर्कल मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर, क्वॉलिटी कंट्रोल मैनेजर, ब्रांड मैनेजर या मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में दवा कंपनियों के साथ जुड़ सकते हैं। इन कंपनियों में एक–दो साल का अनुभव रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को इंटरव्यू के आधार पर नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, समय–समय पर अखबारों में और वेब साइट्स पर भी विज्ञापन निकलते रहते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com